वैशाख कृष्ण - 15 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 280 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » बुधवार » 08-05-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com


# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित





5 अगर भाजपा ओडिशा की सत्ता में आती है तो पत्रकारों को पेंशन देगी : प्रधान

6 भारत में अंगदान की कमी से जा रही लोगों की जान

7 मैं डेली लाइफ में मेकअप-फ्री रहना पसंद करती हूं : प्रियंका चाहर चौधरी




## फर्स्ट टेक

### झारखंड नकदी मामला: ईडी ने मंत्री के निजी सचिव को गिरफ्तार किया

**रांची/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक फ्लैट से 32 करोड़ रुपये से अधिक नकदी बरामद करने के मामले में झारखंड सरकार में मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल और उनके घरेलू सहायक को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने राज्य के पांच स्थानों पर नए सिरे से तलाशी भी ली और राजीव कुमार नाम के ठेकेदार से 1.5 करोड़ रुपये जब्त किए हैं। सूत्रों ने बताया कि पिछले दो दिनों में कुल 36.75 करोड़ रुपये बरामद किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि लाल और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम से रातभर पूछताछ करने के बाद दोनों को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत हिरासत में ले लिया गया है।

### राष्ट्रपति की हत्या करने की रूसी साजिश को किया नाकाम : यूक्रेन

**कीव/एपी।** यूक्रेनी खुफिया रोधी जांचकर्ताओं ने राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और अन्य शीर्ष सैन्य और राजनीतिक हस्तियों की हत्या करने की रूसी साजिश को नाकाम कर दिया है। यूक्रेन की राज्य सुरक्षा सेवा ने मंगलवार को यह दावा किया। एक बयान में कहा गया है कि शीर्ष अधिकारियों की सुरक्षा करने वाले यूक्रेन के स्टेट गार्ड के दो कर्नल को रूस की संघीय सुरक्षा सेवा द्वारा तैयार की गई साजिश को अंजाम देने की कोशिश करने के संदेह में हिरासत में लिया गया है। विज्ञप्ति के मुताबिक, फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद इन संदिग्ध अधिकारियों की भर्ती की गई थी।

### सीबीआई ने रूस-यूक्रेन मानव तस्करी से जुड़े मामले में दो को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मंगलवार को भारतीयों को रूस-यूक्रेन युद्ध क्षेत्र में भेजने वाले मानव तस्करी नेटवर्क में कथित रूप से संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दोनों आरोपियों को केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम से गिरफ्तार किया गया। हालांकि उन्होंने अब तक आरोपियों की पहचान जाहिर नहीं की है। अधिकारियों ने बताया कि कुछ और लोगों की गिरफ्तारी की जा सकती है। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने ट्रैवल एजेंट के एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया था जो भारतीय युवाओं को रूस में अवसरों का लालच दे रहा था लेकिन उनके पासपोर्ट जब्त करने के बाद उन्हें रूस-यूक्रेन युद्ध क्षेत्र में धकेल दिया था।

# लोकसभा चुनाव का तीसरा चरण समाप्त, 63 प्रतिशत से अधिक मतदान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** देश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मंगलवार को 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 93 निर्वाचन क्षेत्रों में 63 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में छिटपुट हिंसा की सूचना मिली हैं। निर्वाचन आयोग के रात 10:40 बजे तक के आंकड़ों के मुताबिक असम में सबसे अधिक 77.06 प्रतिशत मतदान हुआ, गोवा में 75.13 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल में 73.96 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि उत्तर प्रदेश में सबसे कम 57.34 प्रतिशत मतदान हुआ। आयोग के आंकड़ों के मुताबिक बिहार 58.16 प्रतिशत, गुजरात 57.62 प्रतिशत और महाराष्ट्र 61.44 प्रतिशत के साथ थोड़ा बेहतर प्रदर्शन कर रहा। आयोग के मुताबिक कुल मत प्रतिशत 63.53 रहा। उसके अनुसार, ये ''अनुमानित'' आंकड़े हैं और जैसे-जैसे ब्योरा एकत्र किया जा रहा है, इनके बढ़ने की संभावना है।



**कर्नाटक में 69.65 प्रतिशत मतदान**



मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ। मतदान समाप्त होने का आधिकारिक समय शाम छह बजे था, हालांकि इससे पहले (छह बजे से पहले) मतदान केंद्र पहुंच कतार में लगे मतदाताओं को अवसर प्रदान करने के कारण इसमें इजाफा किया गया। निर्वाचन आयोग के अनुसार, अन्य राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में, छत्तीसगढ़ में 70.05 प्रतिशत, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव में 68.89 प्रतिशत, कर्नाटक में 69.65 प्रतिशत और मध्य प्रदेश में 66.05 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

**सेक्स स्कैंडल :**

## प्रज्ज्वल की स्वदेश वापसी का कोई संकेत नहीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु/भाषा।** कर्नाटक की हासन लोकसभा सीट से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार प्रज्ज्वल रेवन्ना द्वारा यौन शोषण के आरोपों की जांच कर रहे विशेष जांच दल के समक्ष पेश होने के लिए मांगी गई सात दिनों की मोहलत मंगलवार को समाप्त हो गया, लेकिन उनकी वापसी के कोई संकेत नहीं मिले है। जनता दल (सेक्युलर) के सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के पोते प्रज्ज्वल (33) को जैसे ही राज्य सरकार द्वारा अपने खिलाफ मामले की जांच के आदेश की खबर मिली तो वह जर्मनी के लिए रवाना हो गए। प्रज्ज्वल पर कई महिलाओं का यौन शोषण करने का आरोप है।



प्रज्ज्वल के खिलाफ भारत के सभी हवाई अड्डों पर 'ब्लू कॉर्नर' नोटिस के साथ लुकआउट नोटिस जारी किया गया है।

इंटरपोल द्वारा जारी ब्लू कॉर्नर नोटिस देशों को आपराधिक जांच के हिस्से के रूप में किसी व्यक्ति के स्थान और उनकी गतिविधियों के बारे में जानकारी एकत्र करने और साझा करने में मदद करता है। पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने मंगलवार को दावा किया कि वह अपने भतीजे प्रज्ज्वल के संपर्क में नहीं हैं।

## हरियाणा में अल्पमत में भाजपा सरकार

### तीन निर्दलीय विधायकों ने समर्थन वापस लिया

**■ निर्दलीय विधायक सोमबीर सांगवान (दादरी), रणधीर सिंह गोलन (पुंडरी) और धर्मपाल गोंदर (नीलोखेड़ी) ने नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और प्रदेश कांग्रेस प्रमुख उदय भान की मौजूदगी में रोहतक में संवाददाता सम्मेलन में अपने फैसले की घोषणा की।**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ़/भाषा।** हरियाणा में तीन निर्दलीय विधायकों ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार से समर्थन वापस ले लिया और घोषणा की कि वे कांग्रेस का समर्थन करेंगे। इसके साथ ही नायब सिंह सैनी सरकार राज्य विधानसभा में अल्पमत में आ गई।

हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा में सदस्यों की मौजूदा क्षमता 88 है। सरकार के पास बहुमत से दो विधायक कम हैं। वर्तमान में भाजपा नीत सरकार को दो अन्य निर्दलीय विधायकों का समर्थन प्राप्त है। हालिया दिनों में, जननायक जनता पार्टी (जजपा) के कुछ विधायकों ने भाजपा को समर्थन देने का संकेत दिया है, हालांकि जजपा ने मार्च में गठबंधन सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। विधानसभा में भाजपा के 40, कांग्रेस के 30 और जजपा के 10 विधायक हैं।

निर्दलीय विधायक सोमबीर सांगवान (दादरी), रणधीर सिंह गोलन (पुंडरी) और धर्मपाल गोंदर (नीलोखेड़ी) ने नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और प्रदेश कांग्रेस प्रमुख उदय भान की मौजूदगी में रोहतक में संवाददाता सम्मेलन में अपने फैसले की घोषणा की।

हुड्डा ने कहा, ''सरकार को इस्तीफा दे देना चाहिए। राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए और चुनाव कराया जाना चाहिए। यह जनविरोधी सरकार है।''

# लोगों को तय करना होगा कि देश 'वोट जिहाद' से चलेगा या 'राम राज्य' से

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**खरगोन (मप्र)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि देश इतिहास के एक अहम मोड़ पर पहुंच गया है और लोगों को यह तय करना होगा कि देश 'वोट जिहाद' से चलेगा या 'राम राज्य' से। मध्य प्रदेश के खरगोन में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने विपक्षी कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि उसकी मंशा बहुत खतरनाक है और वह मोदी के खिलाफ वोट जिहाद का आह्वान करती है। उन्होंने कहा, भारत इतिहास के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है; आपको यह तय करना होगा कि देश वोट जिहाद से चलेगा या राम राज्य से।



एक सप्ताह पहले एक चुनावी रैली में कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की भतीजी, समाजवादी पार्टी (एसपी) नेता मारिया आलम ने उत्तर प्रदेश की फर्रुखाबाद लोकसभा सीट से इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवार नवल किशोर शाक्य के पक्ष में वोट जिहाद का आह्वान किया था। सपा कांग्रेस की सहयोगी है और विपक्षी 'इंडिया' गुट का एक प्रमुख घटक है।

मोदी ने कहा, विपक्ष के 'इंडी' गठबंधन के सहयोगियों को जनता के भाग्य की चिंता नहीं है... वे अपने परिवार को बचाने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने जानना चाहा कि क्या लोकतंत्र में 'वोट जिहाद' जैसी अवधारणा स्वीकार्य है।

मोदी ने कहा, पाकिस्तान में आतंकवादी भारत के खिलाफ जिहाद की धमकी दे रहे हैं और इधर, कांग्रेस के लोगों ने भी मोदी के खिलाफ वोट जिहाद करने की घोषणा की है... इसका मतलब है कि एक विशेष धर्म के लोगों को मोदी के खिलाफ एकजुट होकर वोट करने के लिए कहा जा रहा है। कल्पना कीजिए कि कांग्रेस किस स्तर तक गिर गई है।

भाजपा के दिग्गज नेता मोदी ने भीड़ से पूछा, क्या आप वोट जिहाद की अवधारणा को स्वीकार करते हैं? क्या यह चीज लोकतंत्र में काम कर सकती है? क्या भारतीय संविधान इसकी इजाजत देता है?

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के इरादे भयानक हैं और उसकी साजिशें खतरनाक हैं।

**केजरीवाल को उच्चतम न्यायालय से नहीं मिली कोई राहत**

## लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत देने पर न्यायालय ने कोई आदेश नहीं सुनाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह नहीं चाहता कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में अंतरिम जमानत पर रिहा किये जाने पर वह अपने आधिकारिक कर्तव्यों का निर्वहन करें, क्योंकि इससे हितों का टकराव होगा। केजरीवाल को उच्चतम न्यायालय से फिलहाल कोई राहत नहीं मिली। दो न्यायाधीशों की पीठ ने लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए उन्हें अंतरिम जमानत देने पर कोई आदेश नहीं सुनाया। केजरीवाल को इस मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था और वह न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं।



न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने अंतरिम जमानत के सवाल पर अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा कि केजरीवाल को पद पर बने रहने अनुमति देने का ''व्यापक प्रभाव'' हो सकता है। पीठ ने केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से कहा, ''मान लीजिए कि हम आपको चुनाव के कारण अंतरिम जमानत देते हैं। फिर यदि आप कहते हैं कि आप अपने आधिकारिक कर्तव्यों का निवर्हन करेंगे, तो इसका व्यापक प्रभाव हो सकता है।'' पीठ ने कहा, ''यदि हम आपको अंतरिम जमानत देते हैं, तो हम नहीं चाहते कि आप आधिकारिक कर्तव्यों का पालन करें, क्योंकि इससे कहीं न कहीं हितों का टकराव होगा। हम सरकार के कामकाज में आपका हस्तक्षेप बिल्कुल नहीं चाहते हैं।''

सिंघवी ने कहा कि केजरीवाल आबकारी नीति से जुड़ी फाइल पर कोई भी कार्रवाई नहीं करेंगे। हालांकि, बाद में उन्होंने कहा कि अंतरिम जमानत पर रिहा होने पर केजरीवाल किसी भी आधिकारिक फाइल पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे, बशर्ते कि दिल्ली के उपराज्यपाल सिर्फ इसलिए फैसलों को खारिज न कर दें, क्योंकि फाइल पर उनके हस्ताक्षर नहीं हैं।

## बंगाल में 25,753 शिक्षकों, अन्य की नियुक्ति को अमान्य ठहराने वाले आदेश पर रोक लगाई

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें राज्य के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) द्वारा की गई 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य कर दिया गया था। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने हालांकि, सीबीआई को अपनी जांच जारी रखने और राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों की भी जांच करने की अनुमति दी।

## मायावती ने आकाश आनन्द को अपने 'उत्तराधिकारी' और बसपा समन्वयक के दायित्वों से मुक्त किया


**लखनऊ/भाषा।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने मंगलवार रात अपने भतीजे आकाश आनंद को अपने 'उत्तराधिकारी' और पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक (नेशनल कोऑर्डिनेटर) की जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया। बसपा प्रमुख ने पिछले वर्ष दिसंबर माह में आकाश आनन्द को अपना 'उत्तराधिकारी' घोषित किया था और उन्हें हटाने का यह आश्चर्यजनक फैसला उस वक्त आया जब देश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए मतदान संपन्न हो गया। पूर्व मुख्यमंत्री ने यह कहा कि पार्टी और आंदोलन के हित में और आनन्द के पूर्ण परिपक्वता हासिल करने तक उन्होंने यह निर्णय लिया है।



बसपा प्रमुख ने मंगलवार रात 'एक्स' पर पोस्ट किये गये अपने एक संदेश में कहा, ''बसपा एक पार्टी के साथ ही बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के आत्म-सम्मान, स्वाभिमान तथा सामाजिक परिवर्तन का भी आंदोलन है, जिसके लिए कांशीराम जी व खुद मैंने भी अपनी पूरी जिंदगी समर्पित की है और इसे गति देने के लिए नई पीढ़ी को भी तैयार किया जा रहा है।''

| | |
|---|---|
| 08-05-2024 सूर्यास्त 5:56 बजे | 09-05-2024 सूर्योदय 6:36 बजे |
| BSE 73,511.85 (-383.69) | NSE 22,302.50 (-140.20) |
| सोना 7,363 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 82,429 रु. प्रति किलो |

**मिशन मंडेला**
**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

**आखिरी सच**

गुटबंधन से गठबंधन तक,
घट-घट में आशंका है।
जिसको भी घर भेदी मिलते,
उसने लूटी लंका है।
सपनों के मंदिर के आगे,
टँगा मतलबी टंका है।
जो जीता बस वही सिकंदर,
बजता उसका डंका है।।

**मालदीव सरकार ने कहा**

## भारत ने मालदीव से 51 सैन्य कर्मियों को वापस बुलाया

**माले/भाषा।** मालदीव सरकार ने कहा है कि भारत ने इस द्वीपीय देश से अब तक अपने 51 सैनिकों को वापस बुलाया है। भारतीय सैन्य कर्मियों को मालदीव से पूर्ण रूप से हटाने के लिए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू द्वारा निर्धारित 10 मई की समय सीमा से पहले उसका (मालदीव सरकार का) यह बयान आया है। इससे पहले, मालदीव सरकार ने घोषणा की थी कि दो जत्थों में भारतीय सैनिक देश से रवाना हुए हैं। हालांकि, पूर्व में सटीक आंकड़े का खुलासा नहीं किया गया था। राष्ट्रपति कार्यालय की मुख्य प्रवक्ता हीना वलीद ने इस मुद्दे पर पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए सोमवार को कहा था कि अब तक कुल 51 भारतीय सैनिकों को वापस भेजा गया है। एडिशनडॉटएमवी समाचार पोर्टल ने हीना के हवाले से कहा, ''देश में मौजूद सभी भारतीय सैन्य कर्मियों को 10 मई तक मालदीव से वापस बुला लिया जाएगा। अब तक, दो प्लेटफार्म पर तैनात 51 सैनिकों को वापस भेजा गया है।'' सनडॉटएमवी समाचार पोर्टल की खबर के अनुसार, हालांकि, उन्होंने मालदीव में तैनात भारतीय सैनिकों की सटीक संख्या का खुलासा करने से इनकार करते हुए कहा कि बाद की तारीख में विवरण साझा किया जाएगा।

# इजराइली सेना ने गाजा में रफाह सीमा पर नियंत्रण हासिल किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**काहिरा/एपी।** इजराइल की एक टैंक ब्रिगेड ने मंगलवार को गाजा की महत्वपूर्ण रफाह सीमा पर नियंत्रण हासिल कर लिया। करीबी सहयोगियों की चेतावनियों को नजरअंदाज करते हुए इजराइल दक्षिणी शहर में घुस गया।

संयुक्त राष्ट्र ने रफाह और गाजा में अन्य मुख्य मार्ग केरेम शालोम के बंद होने से फलस्तीनियों को सहायता के प्रवाह में ऐसे समय में संभावित कमी आने की चेतावनी दी, जब अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र का उत्तरी भाग पहले से ही अकाल जैसी स्थिति का सामना कर रहा है। रात के समय इजराइली आक्रमण ऐसे समय हुआ, जब चरमपंथी समूह हमास ने सोमवार को कहा था कि उसने इजराइल के साथ गत सात महीने से जारी युद्ध को रोकने के लिए मिस्र और कतर की ओर से पेश किये गए संघर्ष-विराम प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। हालांकि, इजराइल ने इस बात पर जोर दिया कि यह समझौता उसकी मुख्य मांगों को पूरा नहीं करता है। उच्च-स्तरीय कूटनीतिक कदम और सैन्य अस्थिरता ने आशा की एक किरण को बनाये रखा है, भले ही इसमें मुश्किल हो, लेकिन इससे युद्ध में कम से कम एक विराम आएगा। इस युद्ध को मंगलवार को सात महीने हो गए। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, इस युद्ध में 34,700 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं और गाजा पट्टी तबाह हो गया। रफाह पर मंगलवार के कब्जे के साथ ही इजराइल को गाजा की सीमाओं पर पूर्ण नियंत्रण मिल गया। यह सीमा क्षेत्र में मानवीय सहायता के लिए मुख्य मार्गों में से एक है। इजराइल ने 2005 में यहां से सैनिक हटा लिये थे। ऐसा प्रतीत होता है कि यह घुसपैठ रफाह में उस पूर्ण आक्रमण से कमतर है, जिसकी इजराइल ने योजना बनाई थी।



# बेंगलूरु में होगा पहला सदर्न स्टार आर्मी सिनर्जिया सम्मेलन



## रक्षा क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारी, विशेषज्ञ व उद्योगपति होंगे शामिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** भारतीय सेना के पुणे स्थित मुख्यालय दक्षिणी कमान, दक्षिण भारत क्षेत्र चेन्नई और सिनर्जिया फाउंडेशन के संयुक्त रूप से 9 मई तक शहर में वरिष्ठ भारतीय सेना अधिकारियों, प्रमुख शिक्षाविदों, रणनीतिक विशेषज्ञों, उद्योग और स्टार्ट-अप को एक साथ लाने के उद्देश्य से सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

सिनर्जिया फाउंडेशन के कार्यालय में मंगलवार को एक पत्रकार वार्ता में दक्षिण भारत क्षेत्र लेफ्टिनेंट जनरल केएस बरार-एवीएसएम जीओसी और सिनर्जिया फाउंडेशन के संस्थापक और अध्यक्ष टॉबी साइमन ने भाग लिया। टॉबी साइमन ने बताया कि इस सम्मेलन में भारत सरकार का राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय सम्मेलन में भागीदार होंगे।

सम्मेलन में भाग लेने वाली प्रमुख हस्तियों में लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, पीवीएसएम, एवीएसएम, थल सेना के उप प्रमुख और अन्य नागरिक, शैक्षणिक, सैन्य और उद्योग प्रतिनिधि शामिल होंगे। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष राजदूत पी एस राघवन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित होंगे।

यह सम्मेलन रक्षा उद्योग के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा जिसमें विशेष रूप से स्टार्ट-अप, इनोवेटर्स, वीसी, डीपीएसयू को भविष्य के संघर्ष को समझने और अपनी प्रौद्योगिकियों के बारे में जानकारी दी जाएगी ताकि उन जानकारियों को रक्षा क्षेत्र में मामलों का उपयोग करने के अवसर मिले। इस सम्मेलन में राजनेताओं, नीति निर्माताओं, सुरक्षा विशेषज्ञों, प्रौद्योगिकीविदों, वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों और रक्षा उद्योग प्रमुखों सहित प्रमुख योगदानकर्ताओं की एक विस्तृत श्रृंखला उपस्थित होगी। इस सम्मेलन में उद्देश्यपूर्ण संवाद विकसित करके, नए व व्यवहारिक विचारों को प्रदर्शित करत हुए एक दूरदर्शी परिप्रेक्ष्य को प्रस्तुत किया जाएगा।

सम्मेलन में साइबर सुरक्षा, क्वांटम एन्क्रिप्शन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एयरोस्पेस और रक्षा, उपग्रह और अंतरिक्ष, उन्नत कंप्यूटिंग जैसी उन्नत तकनीकों को अपनाते हुए अवसरों और चुनौतियों की बेहतर समझ प्राप्त करने का प्रयास किया जाएगा।

इस मौके पर ले. जनरल केएस बरार ने बताया कि आजकल 6 से 10 माह में तकनीक बदल जाती है। युद्ध में तकनीक की बहुत ही आवश्यकता होती है। आज युद्ध तकनीक पर ही लड़े जाते हैं। ऐसे में इस तरह के सम्मेलन बहुत ही उपयोगी होंगे।

# केरल में वेस्ट नाइल बुखार के मद्देनजर सभी जिलों को सतर्क रहने का आदेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल सरकार ने मंगलवार को कहा कि राज्य के त्रिशूर, मलप्पुरम और कोझिकोड़ जिलों से वेस्ट नाइल बुखार के मामले सामने आए हैं। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने एक बयान में पुष्टि की कि राज्य में वायरल संक्रमण के मामले सामने आए हैं और सभी जिलों को सतर्क रहने को कहा गया है।

बयान में कहा गया है कि 'क्यूलेक्स' प्रजाति के मच्छरों द्वारा फैलने वाले वायरल बुखार के प्रति सतर्कता बरतते हुए मंत्री ने आदेश दिया है कि मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करके उनके नियंत्रण के लिए कदम उठाए जाएं। मंत्री ने कहा कि चिंतित होने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने बुखार या वेस्ट नाइल संक्रमण के अन्य लक्षण दिखने पर तुरंत इलाज कराने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि वेस्ट नाइल संक्रमण के मुख्य लक्षण सिरदर्द, बुखार, मांसपेशियों में दर्द, चक्कर आना और याददाश्त कमजोर होना हैं, लेकिन अधिकांश रोगियों को इनका अनुभव नहीं होता। बयान में कहा है कि जापानी 'एन्सेफलाइटिस' की तुलना में वेस्ट नाइल में मृत्यु दर अपेक्षाकृत कम है लेकिन जापानी 'एन्सेफलाइटिस' में भी समान लक्षण दिखते हैं और यह अधिक खतरनाक होता है। मंत्री ने कहा कि चूंकि वेस्ट नाइल वायरस के इलाज के लिए कोई दवा या टीका उपलब्ध नहीं है, इसलिए लक्षणों का उपचार और रोकथाम महत्वपूर्ण है। उन्होंने निवारक उपायों के तहत शरीर को पूरी तरह से ढकने वाले कपड़े पहनने, मच्छरदानी और 'रिपेलेंट' का उपयोग करने और अपने घर व आसपास को साफ रखने का सुझाव दिया। इससे पहले मंगलवार को ही कोझिकोड़ जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों ने वेस्ट नाइल बुखार के पांच मामलों की पुष्टि की। जिला निगरानी टीम के एक अधिकारी ने कहा कि बच्चों समेत सभी संक्रमित व्यक्ति अब ठीक हैं और अपने घर चले गए हैं। अधिकारी ने बताया कि जिन इलाकों में वे रहते हैं, वहां से कोई नया मामला सामने नहीं आया है। उन्होंने कहा कि फिलहाल एक व्यक्ति के मच्छर जनित संक्रमण से पीड़ित होने का संदेह है और उसका इलाज किया जा रहा है।



# हरियाणा में कांग्रेस शासन के दौरान नौकरियां बिकती थीं : खट्टर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ़/भाषा।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मंगलवार को आरोप लगाया कि राज्य में पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन के दौरान नौकरियां बिकती थीं और कहा कि भाजपा सरकार ने प्रणाली को ठीक कर दिया तथा योग्यता के आधार पर नौकरियां दी हैं।

खट्टर ने कहा कि केंद्र और राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्य किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान नौकरियां देने में पक्षपात किया गया था। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा,कांग्रेस शासन के दौरान नौकरियां बिकती थीं, चाहे वह चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी, क्लर्क, अधीक्षक, एचसीएस (हरियाणा लोक सेवा), प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी की नौकरियों ही क्यों ना हो, सभी की दरें तय थीं।''

करनाल संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समालखा में अपने रोड शो के दौरान एक जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा नेता ने कहा, हमने प्रणाली को ठीक किया और योग्य उम्मीदवारों को योग्यता के आधार पर नौकरियां मिलीं।

हमने योग्यता के आधार पर 1.3 लाख नौकरियां दी हैं। लोकसभा चुनाव में खट्टर करनाल से भाजपा के उम्मीदवार हैं। उन्होंने कहा, हम हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीट के साथ-साथ करनाल विधानसभा सीट भी जीतेंगे। हरियाणा में लोकसभा की सभी 10 सीट पर चुनाव और करनाल विधानसभा सीट पर उपचुनाव एक साथ 25 मई को होना है। खट्टर ने कहा कि भाजपा केंद्र में सत्ता बरकरार रखेगी क्योंकि लोगों ने पार्टी द्वारा पिछले 10 वर्षों में किए गए काम को देखा है। उन्होंने दावा किया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट जीतेगा, जिसमें हरियाणा की 10 सीट भी शामिल हैं।

हरियाणा का जिक्र करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 14 फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर की जाती है। उन्होंने कहा किसानों से फसल खरीदने के बाद सरकार सीधे उनके खातों में पैसे भेजती है। इससे पहले, पैसा पहले आढ़तियों के खातों में जाता था।

खट्टर ने कहा कि किसानों को अपने परिवार में शादी या अन्य समारोहों के लिए पैसे लेने आढ़तियों के पास जाना पड़ता था लेकिन अब किसान अपने बैंक खातों से पैसे निकाल सकते हैं।

# खरगे अस्पताल में पूर्व मुख्यमंत्री कृष्णा से मिलने पहुंचे, उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे मंगलवार को यहां एक निजी अस्पताल में उपचाराधीन वरिष्ठ राजनेता और पूर्व मुख्यमंत्री एस.एम. कृष्णा को देखने पहुंचे और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। अस्पताल ने कहा कि 91 वर्षीय पूर्व विदेश मंत्री की हालत अब पहले से बेहतर है।

खरगे ने कहा, एसएम कृष्णा हमारे पूर्व मुख्यमंत्री हैं, मैंने उनके साथ राज्य में मंत्री के रूप में काम किया है। वे केंद्र में मेरे साथ मंत्री थे। उनके अस्वस्थ होने के बारे में पता चलने पर मैं उनसे मिलने आया हूं और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

पूर्व मुख्यमंत्री एस.एम. कृष्णा से मुलाकात के बाद कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, उनकी हालत में सुधार हो रहा है, वह बातें कर पा रहे हैं और मुझसे कई बातें कीं।

# चिकित्सकीय-प्रौद्योगिकी क्षेत्र में आयात निर्भरता कम करने की जरूरत : सचिव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** औषधि विभाग के सचिव अरुणीश चावला ने मंगलवार को कहा कि सरकार और उद्योग को अगले पांच साल में चिकित्सकीय उपकरण क्षेत्र में आयात पर निर्भरता को 50 प्रतिशत से कम करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए।

भारत को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत पर जोर दते हुए उन्होंने कहा कि सरकार देश में उत्पादित 2,000 से अधिक चिकित्सकीय उपकरणों के लिए मानक तैयार करने की प्रक्रिया में है ताकि उन्हें वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाया जा सके।

चावला ने उद्योग क्षेत्र के लिए बेहतर नीतियां तैयार करने के लिए आयोजित उद्योग के एक समारोह से इतर पत्रकारों से बातचीत में कहा, '' फिलहाल हमारा चिकित्सकीय-प्रौद्योगिकी क्षेत्र 75-80 प्रतिशत आयात पर निर्भर है। हम अगले पांच वर्षों में इस आयात निर्भरता को 50 प्रतिशत से भी कम करना चाहते हैं।''

चावला ने बताया कि 'मेडिटेक स्टैकथॉन 2024' के दौरान चिकित्सकीय उपकरणों के निर्यात को देश में ऐसे उत्पादों के आयात के स्तर के बराबर करने के लिए विचार-विमर्श भी किया गया। चिकित्सकीय उपकरणों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना ने इस क्षेत्र की वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

चावला ने कहा, '' करीब 150 चिकित्सकीय उपकरण, जो पहले आयात किए जाते थे अब देश में बन रहे हैं... यहां तक अब ऐसे उत्पादों का निर्यात भी शुरू हो गया है।'' भारत का चिकित्सकीय-प्रौद्योगिकी उद्योग 2030 तक 14 अरब अमेरिकी डॉलर के मौजूदा स्तर से बढ़कर 50 अरब डॉलर तक पहुंचने की ओर अग्रसर है। भारत वर्तमान में एशिया में चिकित्सकीय उपकरणों का चौथा बाजार है और वैश्विक स्तर पर शीर्ष 20 में शामिल है।



# पूर्व कांग्रेस प्रवक्ता राधिका खेड़ा और अभिनेता शेखर सुमन ने थामा भाजपा का दामन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा चुनाव के बीच मंगलवार को कांग्रेस की पूर्व नेता राधिका खेड़ा और अभिनेता शेखर सुमन यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। कांग्रेस के मीडिया विभाग की पूर्व राष्ट्रीय समन्वयक खेड़ा ने पार्टी के छत्तीसगढ़ कार्यालय में एक अन्य नेता के साथ अपनी कहासुनी के कुछ दिनों बाद रविवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था।

कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे को भेजे इस्तीफे में खेड़ा ने कहा था कि वह अयोध्या में राम मंदिर की अपनी यात्रा को लेकर पार्टी में विरोध का सामना कर रही हैं। खेड़ा और सुमन दोनों ने यहां पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े और मीडिया विभाग के प्रभारी अनिल बलूनी सहित वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए। बॉलीवुड की कई फिल्मों में भी काम कर चुके लोकप्रिय टीवी कलाकार सुमन ने करीब 15 साल के अंतराल के बाद राजनीति में वापसी की है। उन्होंने 2009 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस के टिकट पर बिहार में पटनासाहिब सीट से लड़ा था लेकिन इसमें वह तीसरे स्थान पर रहे थे। इस चुनाव में शत्रुघ्न सिन्हा की जीत हुई थे। उस समय वह भाजपा के साथ थे।

भाजपा नेताओं के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए खेड़ा ने दावा किया कि उन्होंने कांग्रेस इसलिए छोड़ी क्योंकि भगवान राम के दर्शन के लिए अपने परिवार के सदस्यों के साथ अयोध्या जाने के बाद से उनके साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस 'सनातन विरोधी, हिंदू विरोधी और राम विरोधी' बन गई है। उन्होंने कहा, ''मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी (केंद्र में) की सुरक्षित सरकार के कारण यहां पहुंच सकीं। अगर छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार से मुझे सुरक्षा नहीं मिली होती तो मैं यहां तक नहीं पहुंच पाती।''

# परिवारों की शुद्ध बचत तीन साल में नौ लाख करोड़ रुपये घटी: सरकारी आंकड़ा

**नई दिल्ली/भाषा।** देश में परिवारों की शुद्ध बचत तीन वर्षों में नौ लाख करोड़ रुपये से अधिक घटकर वित्त वर्ष 2022-23 में 14.16 लाख करोड़ रुपये रह गयी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। मंत्रालय की तरफ से जारी ताजा राष्ट्रीय खाता सांख्यिकी-2024 के मुताबिक, वित्त वर्ष 2020-21 में परिवारों की शुद्ध बचत 23.29 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई थी लेकिन उसके बाद से इसमें लगातार गिरावट आ रही है। वित्त वर्ष 2021-22 में परिवारों की शुद्ध बचत घटकर 17.12 लाख करोड़ रुपये रह गई। यह वित्त वर्ष 2022-23 में और भी कम होकर 14.16 लाख करोड़ रुपये पर आ गई जो पिछले पांच वर्षों का सबसे निचला स्तर है। इससे पहले शुद्ध घरेलू बचत का निचला स्तर वर्ष 2017-18 में 13.05 लाख करोड़ रुपये था। सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि 2020-21 से लेकर 2022-23 के दौरान म्यूचुअल फंड में निवेश लगभग तिगुना होकर 1.79 लाख करोड़ रुपये हो गया जो 2020-21 में 64,084 करोड़ रुपये था।

# कल्याणकारी योजनाओं को बाधित करने के लिए भाजपा का इस्तेमाल कर रहे हैं नायडू : रेड्डी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**अमरावती (आंध्र प्रदेश)/भाषा।** युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस (वाईएसआर कांग्रेस) पार्टी प्रमुख वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रदेश अध्यक्ष डी पुरंदेश्वरी के साथ मिलकर तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू आंध्र प्रदेश में कल्याणकारी योजनाओं में बाधा डाल रहे हैं।

जगन रेड्डी ने यह आरोप पूर्वी गोदावरी जिले के राजनगरम में अपने चुनाव प्रचार अभियान के तहत एक जनसभा को संबोधित करते हुए लगाया। उन्होंने जनसभा में कहा, ''वे राज्य की पेंशन और लागत सब्सिडी जैसी चल रही कल्याणकारी योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) वित्तीय सहायता रोकने के लिए निर्वाचन आयोग पर दबाव डाल रहे हैं। रेड्डी ने कहा कि लोग नायडू द्वारा किए जा रहे 'नाटक' को देख रहे हैं। रेड्डी ने कहा कि विपक्षी नेता लोगों को कथित तौर पर पीड़ा पहुंचाने के वास्ते बड़े विवाद पैदा करने के लिए दिल्ली स्थित गठबंधन सहयोगी (भाजपा) का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन लोगों को पिछले पांच वर्षों से कल्याणकारी पेंशन उनके दरवाजे पर मिल रही थी, वे अब इसे लेने के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं।

मुख्यमंत्री ने बुजुर्ग लोगों से इन कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए पेंशन सेवाओं को बहाल करने के लिए उन्हें सत्ता में वापस लाने के वास्ते मतदान करते समय दोगुनी ताकत के साथ जवाब देने को कहा।

# 'दोगली राजनीति' करते हैं उद्धव ठाकरे, वह बालासाहेब से बिल्कुल उलट हैं: शिंदे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**ठाणे/भाषा।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपनी पूर्व पार्टी के प्रमुख और अब प्रतिद्वंद्वी उद्धव ठाकरे पर मंगलवार को तीखा हमला करते हुए उन पर ''दोगली राजनीति'' करने का आरोप लगाया। शिंदे ने साथ ही यह आरोप भी लगाया कि लगभग दो साल पहले जब वह शिवसेना से अलग हुए थे तब महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे शिवसेना में उनकी वापसी के लिए शांति प्रस्ताव देने का नाटक करते हुए उनके घर पर हमले की साजिश रच रहे थे।

अब असली शिवसेना के प्रमुख शिंदे ने कहा कि उद्धव पार्टी के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे के बिल्कुल उलट हैं और उनकी रुचि केवल अपने स्वार्थ को आगे बढ़ाने में रही। जबकि उनके पिता हमेशा अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ खड़े रहे और अपनी बातों से कभी पीछे नहीं हटे। शिंदे ने एक विशेष साक्षात्कार में आरोप लगाया कि उद्धव ठाकरे ने जब भाजपा से नाता तोड़कर कांग्रेस से हाथ मिलाया तो उन्होंने मुख्यमंत्री की कुर्सी के लालच में बालासाहेब की विचारधारा को त्याग दिया। उन्होंने कहा, हम असली शिवसेना हैं और बालासाहेब के हिंदुत्व और राज्य के विकास के दृष्टिकोण को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा, ''उद्धव के दल को एक ''हिंदुत्व'' पार्टी नहीं कहा जा सकता क्योंकि उन्होंने उस कांग्रेस से हाथ मिलाया है जो सावरकर का अपमान करती है और वे अब बालासाहेब को ''हिंदू हृदय सम्राट'' भी नहीं कह सकते।

जब शिंदे से यह पूछा गया कि क्या जून 2022 में उनके विद्रोह के बाद उद्धव ठाकरे ने उन्हें वापस आने के लिए सम्पर्क किया और मुख्यमंत्री पद की पेशकश की, उन्होंने कहा, उन्होंने (ठाकरे ने) मेरे पास एक दूत भेजा और जब वह व्यक्ति मुझसे बात कर रहा था, तो उन्होंने घोषणा की कि वह मुझे पार्टी से बाहर निकाल रहे हैं।

# विजयन और उनकी बेटी के कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई जारी रखेंगे : कुझालनदन



**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल विधानसभा में कांग्रेस के सदस्य मैथ्यू कुझालनदन ने मंगलवार को कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की बेटी टी वीणा की अब बंद हो चुकी आईटी कंपनी और एक निजी खनन कंपनी के बीच वित्तीय लेनदेन में हुए कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी लड़ाई जारी रहेगी। कुझालनदन का यह बयान सतर्कता अदालत में सोमवार को उनकी याचिका खारिज होने के बाद आया है। उन्होंने अपनी याचिका में निजी कंपनी सीएमआरएल और वीणा की आईटी कंपनी के बीच वित्तीय लेनदेन में कथित अनियमितता को लेकर विजयन की भूमिका की जांच का अनुरोध किया था। इस बीच, वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के संयोजक ई.पी. जयराजन ने दावा किया कि कुझालनदन का मुख्यमंत्री के खिलाफ लगाया गया आरोप और अदालत में दाखिल की गई अर्जी का उद्देश्य विधानसभा में मौजूदा नेता प्रतिपक्ष वी.डी. सतीशन के मुकाबले अपने प्रभाव को बढ़ाना है। जयराजन ने कहा कि कुझालनदन की कोशिश अदालत के आदेश के बाद बेकार हो गई है और उन्हें अपना इस्तीफा दे देना चाहिए।

# वायुसेना काफिला पर हमला मामले में तलाशी अभियान तेज किया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**जम्मू/भाषा।** जम्मू क्षेत्र के सीमावर्ती पूंछ और राजौरी जिलों में सुरक्षाबलों ने उन आतंकवादियों की धर-पकड़ के लिए तलाशी अभियान तेज कर दिया है जो वायुसेना के काफिले पर हमले के लिए जिम्मेदार हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सुरक्षा एजेंसियों ने आतंकवादियों के उन दो समूहों की धरपकड़ के लिए अपने अभियान का दायरा डोडा, उधमपुर और कठुआ जिलों के विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ा दिया है जो 28 अप्रैल को बसानगढ़ इलाके में एक ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) की हत्या में शामिल थे।

पुंछ जिले में शाहसितार के पास शनिवार को आतंकवादियों ने भारतीय वायु सेना के वाहनों के काफिले पर हमला किया था। इस हमले में वायुसेना के एक जवान की मौत हो गयी थी जबकि चार अन्य घायल हो गये थे। अधिकारियों ने बताया कि पिछले चार दिनों से चल रहे इस तलाशी अभियान को पुंछ जिले में सुरानकोट क्षेत्र के शाहसितार, गुरसाई, सनाई, लसाना, शींदारा टॉप तथा आसपास तेज कर दिया गया है। इस अभियान में ड्रोन, खोजी कुत्तों एवं अन्य निगरानी उपकरणों की मदद ली जा रही है।

उन्होंने बताया कि कुछ घने जंगलों को खंगाला गया है तथा कश्मीर की ओर जाने वाले रास्तों को बंद कर दिया गया है, लेकिन हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों का अब तक कुछ पता नहीं चला है। उन्होंने कहा कि 22 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है तथा अधिकारी सुराग के लिए कुछ सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रहे हैं। उन्होंने बताया कि सुरानकोट में पोस्टर लगाकर इस बात की घोषणा की गयी है कि उन दो लोगों की गिरफ्तारी के लिए जरूरी सूचना देने वाले को 20 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा जिन पर मुख्य संदिग्ध होने का संदेह है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
बेंगलूरु क्लासीफाइड
नाम परिवर्तन

CHANGE OF NAME
I, MOHAMMAD KAISAR, S/o. Mohammad Kamaruddin Ansari, Residing at Bhachhiyar Village, Jamvi Post, Bihar-811307, now Camping at Bengaluru, have changed my name to **MOHAMMAD KAISAR ANSARI,** vide affidavit dated: 07.05.2024 before notary B.V. Nagabhusana, Bengaluru

# दूरसंचार विभाग ने धोखाधड़ी में शामिल मोबाइल हैंडसेट, फोन नंबर 'ब्लॉक' किये

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दूरसंचार विभाग ने मोबाइल पर संदेश भेजकर मोबाइल उपयोग करने वालों के साथ धोखाधड़ी करने वालों पर नकेल कसना शुरू कर दिया है। विभाग ने ऐसी गतिविधियों में उपयोग किये जाने वाले मोबाइल फोन को ब्लॉक करने के साथ ऐसे नंबरों को बंद करना शुरू कर दिया है। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने धोखाधड़ी से संबंधित शिकायतों से निपटने के लिए दो महीने पहले 'चक्षु' पोर्टल शुरू किया है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, पोर्टल शुरू होने के बाद से विभाग ने दुर्भावनापूर्ण और गलत इरादे से एसएमएस भेजने में शामिल 52 इकाइयों को काली सूची में डाल दिया है। साथ ही अखिल भारतीय स्तर पर 348 मोबाइल हैंडसेट को ब्लॉक कर दिया है। इसके अलावा, 10,834 संदिग्ध मोबाइल नंबर को फिर से सत्यापन के लिए चिह्नित किया है।

एसएमएस से संबंधित धोखाधड़ी पर एक प्रौद्योगिकी पेशेवर के सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखी गयी बातों के जवाब में विभाग ने कहा, ''जिस मोबाइल नंबर का जिक्र किया गया है, उसे ब्लॉक कर दिया गया है। साथ ही उससे जुड़े मोबाइल फोन को भी ब्लॉक कर दिया गया है।

दूरसंचार विभाग ने अपने जवाब में कहा, ''साइबर अपराध/वित्तीय धोखाधड़ी को लेकर मोबाइल नंबर और उससे जुड़े 20 मोबाइल हैंडसेट को ब्लॉक कर दिया गया है। यदि आप ऐसी कोई घटना देखते हैं, तो कृपया तुरंत संदिग्ध धोखाधड़ी की रिपोर्ट चक्षु पोर्टल पर करें।''

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, दूरसंचार विभाग ने 700 एसएमएस सामग्री 'टेम्पलेट्स' को निष्क्रिय कर दिया है।



पूर्व मुख्यमंत्री और हावेरी गदग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार बसवराज बोम्मई ने मंगलवार को धारवाड़ लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत शिग्गवी में सरकारी मॉडल कन्नड़ बॉयज सीनियर प्राइमरी स्कूल में अपना वोट डाला। उनके साथ उनकी पत्नी चन्नम्मा बोम्मई, बेटा भरत बोम्मई और बेटी अदिति बोम्मई भी हैं।

# बोम्मई ने मतदाताओं और पार्टी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हावेरी। पूर्व मुख्यमंत्री और हावेरी गदग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार बसवराज बोम्मई ने पिछले दो महीनों में हुई लोकसभा चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने वाले पार्टी कार्यकर्ताओं, नेताओं और सभी मतदाताओं को धन्यवाद दिया। उन्होंने इस संबंध में एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की है और लोकतांत्रिक उत्सव मतदान में भाग लेने और एक सुरक्षित राष्ट्र के निर्माण में भागीदार के रूप में अपने अधिकारों का प्रयोग करने के लिए गदग और हावेरी जिलों के मतदाताओं को हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया है। दोनों जिलों के भाजपा विधायकों, पूर्व मंत्रियों, पूर्व विधायकों, दोनों जिलों के पार्टी जिला अध्यक्षों, विभिन्न समितियों के अध्यक्षों और पदाधिकारियों ने चुनाव को सफल बनाने के लिए दिन-रात मेहनत की है और मैं आप सभी को आपके अथक प्रयासों के लिए बधाई देता हूं। गदग और हावेरी जिलों के जिला प्रशासन ने शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराया और सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को धन्यवाद दिया।

# बेंगलूरु के पास निजी अस्पताल में आग लगने के बाद 16 मरीजों को शिफ्ट किया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेंगलूरु के नजदीक राजनकुंटे के एक निजी अस्पताल में भर्ती 16 मरीजों को अस्पताल की तीन मंजिला इमारत में मामूली आग लगने के बाद स्थानांतरित कर दिया गया है। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि किसी को कोई चोट नहीं आई है। अग्निशमन विभाग ने कहा कि अस्पताल में आग लगने की सूचना सुबह 9.15 बजे मिली। इसके बाद दमकल की छह गाड़ियों को आग पर काबू पाने के लिए लगाया गया।

विभाग के मुताबिक यह आग 50 बिस्तरों वाले निजी अस्पताल के तलघर में एक लैब में लगी। हालांकि आग इमारत के भूतल और ऊपरी तीन मंजिलों तक नहीं फैली, लेकिन पूरा अस्पताल घने धुएं से घिर गया। इस घटना की वजह से अस्पताल में भर्ती मरीजों, कर्मचारियों और आगंतुकों में बेचैनी और दहशत फैल गई। अस्पताल में भर्ती कुल 16 मरीजों में से दो आईसीयू में थे। उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। एक वरिष्ठ अग्निशमन अधिकारी ने कहा,''सभी मरीजों की हालत स्थिर हैं और किसी को कोई चोट नहीं आई। घने धुएं के कारण उनमें से कुछ ने बेचैनी और दम घुटने की शिकायत की।

उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया।'' हालांकि, आग को सुबह 11 बजे तक बुझा लिया गया। अग्निशमन अधिकारियों ने कहा कि आग लगने के सही कारण का पता लगाया जा रहा है।



# कर्नाटक में कांग्रेस प्रचंड बहुमत हासिल करेगी : खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कलबुर्गी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को यहां अपना वोट डालने के बाद कहा कि उनकी पार्टी कर्नाटक में प्रचंड बहुमत हासिल करेगी और इसमें कोई संदेह नहीं'' है।

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में कर्नाटक में 14 सीट पर मतदान जारी है। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खरगे (81) अपनी पत्नी राधाबाई खरगे के साथ यहां बसवनगर में मतदान केंद्र पहुंचे और मताधिकार का इस्तेमाल किया। कर्नाटक में यह दूसरे चरण का मतदान है। पहले चरण में 26 अप्रैल को 14 सीट पर मतदान हुआ था। राज्य में कुल 28 लोकसभा सीट हैं।

खरगे ने यहां पत्रकारों से कहा, ''सबकुछ सही है और हर जगह से अच्छी खबरें आ रही हैं। इस तीसरे चरण में (राष्ट्रीय स्तर पर) गठबंधन के सहयोगियों ( इंडी गठबंधन) को बल मिल रहा है। निश्चित तौर पर इस चरण में भी हमें लोगों का भारी समर्थन मिलेगा।''

खरगे ने कहा कि वह 21 साल की उम्र (मतदान करने की न्यूनतम आयु अब 18 वर्ष है) में मताधिकार मिलने के बाद से कलबुर्गी के बसवनगर में मतदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''मैंने इसे (मतदान क्षेत्र) कभी नहीं बदला। जब मैं मंत्री बना, जब मैं विपक्ष का नेता, केपीसीसी (कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस समिति) का अध्यक्ष, संसद में विपक्ष का नेता बना तब भी मैं बसवनगर को कभी नहीं भूला।'' उन्होंने कहा, ''यहां के लोगों ने मुझे प्यार और स्नेह दिया है...मैं गरीब लोगों का आभारी हूं, जो मेरे साथ खड़े रहे। मैं उनके साथ हूं।''

खरगे के दामाद राधाकृष्ण डोड्डामणि, गुलबर्गा (कलबुर्गी) लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार हैं। कांग्रेस के दिग्गज नेता ने इस सीट का दो बार (2009, 2014) प्रतिनिधित्व किया। 2019 के चुनाव में उन्हें इस सीट पर हार का सामना करना पड़ा था। कर्नाटक में आज चिक्कोडी, बेलगाम, बागलकोट, बीजापुर, गुलबर्गा, रायचूर, बीदर, कोप्पल, बेल्लारी, हावेरी, धारवाड़, उत्तर कन्नड़, दावणगेरे और शिमोग्गा क्षेत्रों में मतदान हुआ।



# भाजपा कर्नाटक में 25-26 सीट जीतेगी : येडीयुरप्पा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक की 14 लोकसभा सीट पर मंगलवार सुबह से जारी मतदान में सबसे पहले मताधिकार का प्रयोग करने वालों में शामिल रहे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येडीयुरप्पा ने दावा किया कि राज्य में उनकी पार्टी 25-26 सीट पर जीत हासिल करेगी।

येडीयुरप्पा ने अपने बेटों-शिमोग्गा लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार बी.वाई. राघवेंद्र तथा पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विजयेंद्र येडीयुरप्पा और पुत्रवधुओं के साथ शिवमोग्गा जिले के शिकारीपुरा में वोट डाला। राज्य में कुल 28 लोकसभा सीट हैं। अधिकांश दक्षिणी और तटीय जिलों की अन्य 14 सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान संपन्न हो चुका है।

मतदान के बाद येडीयुरप्पा ने कहा, ''मेरे अनुसार हम (भाजपा) 28 लोकसभा सीट में से कम से कम 25 से 26 सीट जीतने जा रहे हैं। माहौल बहुत अच्छा है। हम जहां भी जाते हैं लोग कहते हैं 'मोदी-मोदी'। इसका अपना प्रभाव पड़ने वाला है।''

उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''हमें विश्वास है कि राघवेंद्र (शिमोग्गा में) ढाई लाख से अधिक वोटों के अंतर से जीतेंगे। हमें उन सभी 14 सीटों पर जीत का भरोसा है जिनके लिए मतदान हो चुका है। अगर बची हुई एक-दो सीटों पर कुछ ऊपर-नीचे हो जाए तो भी मेरी राय में हम 25-26 सीट जीत लेंगे। लोग नरेन्द्र मोदी को एक बार फिर प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 से अधिक सीट जिताने में कर्नाटक का योगदान रहेगा।''

विजयेंद्र ने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 25 सीट पर जीत हासिल की थी और इस बार भी भाजपा-जनता दल (सेक्युलर) गठबंधन उन सभी सीट को बरकरार रखेगा और एक नया रिकॉर्ड स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजों का असर मुख्यमंत्री सिद्दरामैया और उप मुख्यमंत्री एस.के. शिवकुमार पर पड़ेगा। उन्होंने कहा, कांग्रेस अपनी गारंटी के दम पर 20 से अधिक सीट जीतने के भ्रम में है। चार जून को मतगणना के दिन उन्हें झटका लगेगा। लोगों को कांग्रेस की अस्थायी गारंटी की तुलना में मोदी की स्थायी गारंटी पर अधिक भरोसा है।

# एच डी रेवन्ना को नहीं मिली राहत

बेंगलूरु। जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) के विधायक एच डी रेवन्ना विशेष अदालत से मंगलवार को राहत पाने में नाकाम रहे जिसने उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई बुधवार तक के लिए टाल दी। वह फिलहाल विशेष जांच दल (एसआईटी) की हिरासत में हैं। एसआईटी ने एक महिला के अपहरण के आरोप में पूर्व मंत्री रेवन्ना (66) को शनिवार को गिरफ्तार किया था और एक अदालत ने उन्हें आठ मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया था।

जद (एस) के संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के बेटे रेवन्ना और उनके करीबी सतीश बबन्ना के खिलाफ 29 अप्रैल को एक महिला का अपहरण करने के आरोप में बृहस्पतिवार रात को मामला दर्ज किया गया था। मामला महिला के बेटे की शिकायत पर दर्ज किया गया था जिसने आरोप लगाया था कि रेवन्ना के बेटे और जद (एस) सांसद प्रज्जवल रेवन्ना ने उसकी मां का यौन शोषण किया था। एसआईटी ने बबन्ना को भी हिरासत में लिया है। प्रज्जवल द्वारा महिलाओं के कथित यौन शोषण के अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर हाल में सामने आए थे जिसके बाद सरकार ने मामले की जांच करने के लिए 28 अप्रैल को एसआईटी गठित की थी। इससे पहले, कर्नाटक महिला आयोग ने मामले में जांच को लेकर मुख्यमंत्री सिद्दरामैया को पत्र लिखा था।



**मतदान**

राज्य के वन और पर्यावरण मंत्री ईश्वर खांड्रे ने मंगलवार को राज्य में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में बीदर जिले के गृहनगर भालकी में सहायक कृषि निदेशक कार्यालय भवन में अपने परिवार के साथ मतदान किया।

# निजी अस्पताल में आग लगने के बाद 16 मरीजों को शिफ्ट किया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेंगलूरु के नजदीक राजनकुंटे के एक निजी अस्पताल में भर्ती 16 मरीजों को अस्पताल की तीन मंजिला इमारत में मामूली आग लगने के बाद स्थानांतरित कर दिया गया है। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी को कोई चोट नहीं आई है।

अग्निशमन विभाग ने कहा कि अस्पताल में आग लगने की सूचना सुबह 9.15 बजे मिली। इसके बाद दमकल की छह गाड़ियों को आग पर काबू पाने के लिए लगाया गया। विभाग के मुताबिक यह आग 50 बिस्तरों वाले निजी अस्पताल के तलघर में एक लैब में लगी। हालांकि आग इमारत के भूतल और ऊपरी तीन मंजिलों तक नहीं फैली, लेकिन पूरा अस्पताल घने धुएं से घिर गया। इस घटना की वजह से अस्पताल में भर्ती मरीजों, कर्मचारियों और आगंतुकों में बेचैनी और दहशत फैल गई। अस्पताल में भर्ती कुल 16 मरीजों में से दो आईसीयू में थे। उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।

एक वरिष्ठ अग्निशमन अधिकारी ने कहा,''सभी मरीजों की हालत स्थिर हैं और किसी को कोई चोट नहीं आई। घने धुएं के कारण उनमें से कुछ ने बेचैनी और दम घुटने की शिकायत की। उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया।



ग्रामीण विकास और पंचायत राज मंत्री प्रियांक खरगे, उनकी पत्नी श्रुति खरगे और कलबुर्गी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार राधाकृष्ण डोड्डामणि ने चित्तापुर विधानसभा क्षेत्र के गुंडागुर्थी गांव में सरकारी वरिष्ठ प्राथमिक विद्यालय के बूथ संख्या 26 पर मतदान किया। इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने भरोसा जताया कि वह 100 फीसदी जीत हासिल करेंगे। मंत्री ने कहा कि भाजपा पार्टी की जनविरोधी नीतियों के कारण मतदाता कांग्रेस पार्टी का समर्थन करेंगे।

# प्रियांक खरगे, प्रह्लाद जोशी सहित कई नेताओं ने किया मतदान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, भगवंत खूबा और कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने मतदान के शुरुआती घंटों में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मंगलवार को कर्नाटक की 14 लोकसभा सीट पर मतदान जारी है। जोशी और खुबा क्रमशः धारवाड़ और बीदर लोकसभा क्षेत्रों से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार हैं। उन्होंने संबंधित क्षेत्रों में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

भाजपा की दावनगेरे से उम्मीदवार गायत्री सिद्धेश्वरा के साथ उनके पति एवं निवर्तमान सांसद जीएम सिद्धेश्वरा ने भी वोट डाला। भाजपा के वरिष्ठ विधायक एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री बसनगौड़ा पाटिल यत्नाल ने विजयपुरा में वोट डाला।

**मतदान**



मंगलवार को बीदर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी सागर ईश्वर खांड्रे ने बीदर जिले के अपने गृह गांव भालकी में सहायक कृषि निदेशक (नए भवन) के कार्यालय में अपना वोट डाला।

# कुमारस्वामी ने 'सेक्स स्कैंडल' मामले में साजिश का संदेह जताया, कहा- 25,000 पेन ड्राइव बांटी गईं

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। जनता दल (सेक्युलर) नेता एच.डी. कुमारस्वामी ने दावा किया है कि उनके भतीजे एवं हासन से पार्टी उम्मीदवार प्रज्जवल रेवन्ना से जुड़े कथित 'सेक्स स्कैंडल' के वीडियो वाली 25,000 पेन ड्राइव चुनाव से पहले वितरित की गई थीं। कुमारस्वामी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया और उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार पर मामले में साजिश रचने का आरोप लगाया। पूर्व मुख्यमंत्री ने प्रज्जवल के खिलाफ कई महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों की जांच के लिए 28 अप्रैल को कांग्रेस सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) पर भी सवाल उठाए। पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के बेटे एवं जद (एस) नेता कुमारस्वामी ने आरोप लगाया कि यह विशेष जांच दल नहीं बल्कि सिद्दरामैया ''जांच दल'' और शिवकुमार ''जांच दल'' है। विधायक एच.डी. रेवन्ना और उनके बेटे प्रज्जवल पर अपनी घरेलू सहायिका से छेड़छाड़ करने का मामला दर्ज किया गया है। एक अन्य मामले में रेवन्ना पर उस महिला के अपहरण का मामला दर्ज किया गया है, जिसका प्रज्जवल ने कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया था।

# ईपीएफओ कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले पर कदम उठाने को लेकर कर रहा विचार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/नई दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने मंगलवार को कहा कि वह भविष्य निधि में विदेशी श्रमिकों को शामिल करने को 'असंवैधानिक' ठहराने वाले कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले के संबंध में आगे की कार्रवाई पर गौर कर रहा है। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कर्मचारी भविष्य निधि और पेंशन योजना के दायरे में अंतरराष्ट्रीय श्रमिकों को शामिल करने के प्रावधानों को खारिज कर दिया है। उसने कहा है कि यह 'असंवैधानिक' और 'मनमाना' है। ईपीएफओ ने फैसले से संबंधित सवालों के जवाब में कहा, न्यायालय के फैसले के प्रति सर्वोच्च सम्मान रखते हुए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन इस फैसले के जवाब में आगे की कार्रवाई के तरीकों पर सक्रियता के साथ विचार कर रहा है। यह निर्णय कर्मचारी भविष्य निधि योजना, 1952 के पैराग्राफ 83 और कर्मचारी पेंशन योजना, 1995 के पैराग्राफ 43ए में उल्लेखित अंतरराष्ट्रीय श्रमिकों के लिए विशिष्ट प्रावधानों से जुड़ा है। इन्हें संविधान के अनुच्छेद 14 के साथ असंगत माना गया। कर्मचारी भविष्य निधि योजना, 1952 का पैराग्राफ 83 अंतरराष्ट्रीय श्रमिकों के संबंध में विशेष प्रावधानों से संबंधित है। इस उपबंध के तहत एक अक्टूबर, 2008 से प्रत्येक अंतरराष्ट्रीय कर्मचारी जिसका मूल वेतन 15,000 रुपये प्रति माह तक है, वे अनिवार्य रूप से इस योजना के दायरे में आएंगे।

भारत का वर्तमान में 21 देशों के साथ सामाजिक सुरक्षा समझौता है। ये समझौते पारस्परिक आधार पर इन देशों के कर्मचारियों के लिए निरंतर सामाजिक सुरक्षा दायरा सुनिश्चित करते हैं। ईपीएफओ ने कहा कि जब इन देशों के नागरिक एक-दूसरे के क्षेत्रों में नौकरी करते हैं, तो उनकी सामाजिक सुरक्षा बनी रहती है।



**नकली उत्पाद जब्त**

बेंगलूरु एक प्रतिष्ठित कम्पनी के नकली उत्पाद की जानकारी के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए विल्सन गार्डन पुलिस थाना क्षेत्र में एक गोदाम में हिन्दुस्तान यूनिलीवर लि. कम्पनी की फर्जी तरीके से तैयार की गई लिजोल, हार्पिक, कॉलिन और अन्य उत्पादों सहित, लाइफ बॉय, हैंड बाश, रिन, व्हील डिटर्जेट पाउन्डर, 3 रोज, बुक ब्रांड रेड लेबल टी पाउडर आदि को जप्त किया। लगभग 95 लाख रुपए से अधिक मूल्य की इन नकली सामान और विनिर्माण में उपयोग में लाई जाने वाली मशीनरी आदि जब्त की। इन नकली वस्तुओं आदि का निरीक्षण पुलिस आयुक्त कार्यालय में नगर पुलिस आयुक्त बी. दयानंद ने मंगलवार को किया।

# राज्य का खजाना खाली, सरकार बीडीए सम्पत्ति बेच रही है : आर अशोक

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। गारंटी के कारण दिवालिया हो चुकी मुख्यमंत्री सिद्दरामैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने बीडीए की संपत्ति बेचने और वरिष्ठों को भुगतान करने का फैसला किया है।



विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक ने चेतावनी दी है कि सरकारी संपत्तियों की बिक्री के खिलाफ बीजेपी कड़ा संघर्ष करेगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार दिवालियापन की चरम सीमा पर पहुंच गई है। केरल सरकार दिवालिया हो गई है और उसे कर्ज नहीं मिल पा रहा है। इसी प्रकार हमारा राज्य भी अर्थव्यवस्था में अंतिम स्थान पर आयेगा। सरकार सरकारी संपत्तियों को बेचने का काम कर रही है. इससे पहले सरकार ने पार्किंग कॉम्प्लेक्स और हॉकी स्टेडियम की बिल्डिंग को लीज पर देकर बेच दिया था। अब बीडीए के छह कॉम्प्लेक्स करीब पचास साल के लिए लीज पर दिए जा रहे हैं। यह बिक्री मॉडल में ही है। इंदिरा नगर, एचएसआर लेआउट, ऑस्टिन टाउन, कोरमंगला, विजयनगर, आरटी नगर, सदाशिवनगर कॉम्प्लेक्स बीडीए संपत्ति हैं।

उन्होनें कहा कि केंद्र सरकार ने सूखा प्रभावित किसानों के लिए राहत जारी की है। अब राज्य सरकार किसानों के खाते में पैसा दे रही है, मैं इसका स्वागत करता हूं। लेकिन इसमें राज्य सरकार की कोई हिस्सेदारी नहीं है। पिछले दिनों बीजेपी सरकार की ओर से भी राहत दी गई थी। अब मुख्यमंत्री सिद्दरामैया पर उनकी सरकार का हिस्सा बकाया है। उन्होंने कहा कि मुआवजा शून्य होगा तो लोग खुश होंगे।

आर अशोक ने कहा कि प्रज्जवल रेवन्ना के विदेश जाने का कारण कांग्रेस है। सुरजेवाला, सिद्दरामैया और डी.के.शिवकुमार ने केंद्र सरकार पर दोष मढ़ने की योजना बनाई है।



# सुचारू ट्रैफिक संचालन के लिए विशेष अभियान चलाएं : पंत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्य सचिव सुधांश पन्त ने कहा कि जयपुर शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए सभी सम्बंधित विभागों को समन्वित होकर तेजी से कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि जयपुर की सड़कों पर निर्बाध व सुचारू ट्रैफिक संचालन के लिए विशेष अभियान चलाकर आमजन को जल्द राहत प्रदान करें। पन्त मंगलवार को शासन सचिवालय में जयपुर शहर की यातायात व्यवस्था के सम्बन्ध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शहर में अधिकाधिक नई सार्वजनिक पार्किंग के निर्माण के लिए कार्ययोजना बनाएं और मौजूदा सार्वजनिक पार्किंग स्थानों की पूरी उपयोगिता सुनिश्चित करें। उन्होंने मैरिज गार्डन, होटल्स, रेस्टोरेन्ट आदि की सुदृढ़ पार्किंग व्यवस्था हेतु आवश्यक कानूनी कार्रवाई अमल में लाने के लिए भी निर्देश दिये।

मुख्य सचिव ने कहा कि यातायात नियमों के उल्लंघन पर नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही करें तथा ई-चालान व्यवस्था को नई तकनीक के माध्यम से और मजबूत करें। उन्होंने पुलिस, परिवहन, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग और नगरीय निकायों को परियोजनाओं के निर्माण में आपसी सुझावों को सम्मिलित करते हुए समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए।

पन्त ने निर्देश दिए कि पैदल यात्रियों एवं साइकिल चालकों के लिए व्यवस्थित पथ निर्माण के लिए विस्तृत परियोजना बनाई जानी चाहिये। इससे आमजन इको फ्रेंडली यातायात के लिए प्रोत्साहित होंगे साथ ही यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी सकारात्मक प्रयास होगा। मुख्य सचिव ने कहा कि हमें भविष्य की जरूरतों के अनुसार परियोजनाओं पर कार्य करने की आवश्यकता है जिससे भावी पीढ़ी को एक सुनियोजित स्मार्ट शहर में रहने का अवसर मिले।

मुख्य सचिव ने ट्रैफिक पुलिस द्वारा वीआईपी व धार्मिक यात्राओं के दौरान गूगल मैप के सहयोग से दी जा रही रियल टाइम जानकारी के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था समाज के हर तबके को प्रभावित करती है इसलिए इसमें सुधार के लिए नए नियमों और आधुनिक तकनीक की आवश्यकता है। बैठक में सड़कों पर अतिक्रमण, नए ब्रिज और अंडरपास निर्माण, ई-रिक्शा पंजीकरण, पब्लिक ट्रांसपोर्ट-सिटी बसें, बॉटल नैक स्थानों, बस टर्मिनल के निर्माण, नए ट्रैफिक मोनिटरिंग कैमरा, पुराने वाहनों का निस्तारण, स्ट्रीट लाइटस आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू, अतिरिक्त मुख्य सचिव परिवहन श्रीमती श्रेया गुहा, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनंद कुमार, सम्बंधित विभागों के प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव, जयपुर पुलिस आयुक्त, नगर निगम ग्रेटर- हेरिटेज, जयपुर विकास प्राधिकरण आदि विभागों के अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

## बांसवाड़ा में युवती से सामूहिक दुष्कर्म, तलवार से हमला किया

बांसवाड़ा। राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में एक युवती से कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार एक आरोपी ने पीड़िता पर तलवार से हमला भी किया जिससे वह घायल हो गई। पुलिस के मुताबिक रविवार की इस घटना के संबंध में पीड़िता ने मंगलवार को दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। एक आरोपी की पहचान कालू के रूप में हुई है। बांसवाड़ा के पुलिस उपाधीक्षक सूर्यवीर सिंह ने कहा कि महिला ने अपनी प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि जब वह एक शादी समारोह में भाग लेने के बाद घर जा रही थी तो कालू और उसके दोस्त ने उसे रोका एवं उसे एक सुनसान जगह पर ले गए जहां उन्होंने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

पीड़िता ने कहा,आरोपियों ने उसे अपने साथ चलने को मजबूर किया। जब उसने इनकार कर दिया, तो कालू ने उस पर तलवार से वार किया, जिसमें उसके सिर में चोटें आईं और दाहिने हाथ की दो उंगलियां कट गईं। उन्होंने कहा कि 19 वर्षीय पीड़िता को उदयपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। उनके मुताबिक आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है और उनसे मामले के संबंध में पूछताछ की जा रही है।



# राजस्थान के कई इलाकों में लू चलने की चेतावनी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के कई इलाकों में तेज गर्मी पड़ रही है और मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तेज गर्म हवाएं यानी लू चलने की चेतावनी दी है। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार राज्य में अगले दो-तीन दिन अधिकांश स्थानों पर मौसम मुख्यतः शुष्क रहने तथा अधिकतम तापमान में 2-3 सेल्सियस बढ़ोतरी होने का अनुमान है। इसके अनुसार सात मई को जोधपुर संभाग में कहीं-कहीं अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस व 8-9 मई को जोधपुर, बीकानेर, जयपुर व भरतपुर, कोटा संभाग में कहीं-कहीं अधिकतम तापमान 43 से 45 डिग्री सेल्सियस के मध्य रहने का अनुमान है तथा इस दौरान लू चलने की आशंका है।

मौसम विभाग के अनुसार 10-11 मई को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से 10 मई से ही उदयपुर, कोटा, जोधपुर संभाग में कहीं-कहीं गरज व आंधी के साथ बारिश होने का अनुमान है। नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 11 मई से तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने तथा लू से राहत मिलने की संभावना है। इसके अनुसार राज्य में 12 मई तक कहीं-कहीं गरज के साथ हल्की बारिश होने का अनुमान है।



### शिष्टाचार भेंट

राज्यपाल कलराज मिश्र ने नई दिल्ली में मंगलवार को पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द से उनके निवास स्थान पर पहुंचकर मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने विभिन्न संवैधानिक और राष्ट्र हित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। दोनों की यह शिष्टाचार भेंट थी।



# पेयजल वितरण के दौरान स्वयं घर-घर जाकर जांच करें अधिकारी : पंत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने सोमवार को शासन सचिवालय में सभी संभागीय आयुक्त एवं जिला कलेक्टर को संबोधित करते हुए ग्रीष्म ऋतु के दौरान सुचारू पेयजल वितरण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने जल संसाधनों की कमी के चलते राज्य में जल संरक्षण के प्रयास हेतु भी प्रोत्साहित किया।

पीएचईडी को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि जहां पानी की अधिक समस्या है वहां प्राथमिकता के साथ जलापूर्ति के विशेष प्रयास किए जाएं। आगामी दिनों में भीषण गर्मी एवं लू चलने की संभावनाओं के चलते समस्त सामुदायिक सुविधाओं पर भी जलापूर्ति सुनिश्चित करने के साथ-साथ विद्युत व्यवस्था एवं स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवाओं को भी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारियां जैसे डेंगू, मलेरिया आदि जन जागरूकता के माध्यम से नियंत्रित रहें, इसके लिए आमजन को जागरूक करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह जल्द से जल्द ई-ऑफिस के जरिए पत्रावलियों के निस्तारण समय में सुधार लाने के नियमित प्रयास करें।

मुख्य सचिव ने सभी संभागीय आयुक्त एवं जिला कलेक्टर को नियमित रूप से क्षेत्रीय भ्रमण एवं निरीक्षण पर जाने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान ग्रामीण स्तर पर रात्रि विश्राम किए जाने पर भी जोर दिया। इस बैठक में सहकारिता विभाग एवं खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा राज्य में गेहूं, सरसों एवं चने की सरकारी खरीद की समीक्षा प्रस्तुत की। मुख्य सचिव ने सभी जिला कलेक्टरों को अधिकाधिक सरकारी खरीद सुनिश्चित करने के प्रयास हेतु निर्देशित किया।

मुख्य सचिव ने इस बैठक के जरिए सभी अधिकारियों को वृक्षारोपण में अधिकाधिक योगदान करने तथा व्यक्तिगत स्तर से सार्वजनिक हित के एक-एक कार्य का चयन कर उनका अपने-अपने क्षेत्रों में समुचित क्रियान्वयन करने हेतु भी प्रोत्साहित किया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती शुभ्रा सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार, प्रमुख शासन सचिव प्रशासनिक सुधार विभाग भवानी सिंह देथा, प्रमुख शासन सचिव राजस्व विभाग दिनेश कुमार, जल स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सचिव समित शर्मा, सूचना एवं तकनीकी संचार विभाग की सचिव सुआरती डोगरा, अध्यक्ष डिस्कॉम्स भानू प्रकाश एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# फिल्म शूटिंग के विरोध संबंधी याचिका पर फिल्म से जुड़ा पक्ष उपस्थित नहीं हुआ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अजमेर। राजस्थान के अजमेर में फिल्माई जा रही जोली एल.एल.बी.-3 फिल्म में न्यायालय और वकीलों की छवि धूमिल करने के मामले में दायर याचिका पर मंगलवार को फिल्म से जुड़ा कोई भी पक्ष उपस्थित नहीं हुआ। न्यायाधीश यश विश्नोई ने गम्भीरता से लिया और आठ अप्रैल को फिर तलब किया गया है। जिला बार एसोसिएशन के सदस्यों की ओर से रेल मंडल कार्यालय परिसर में जिला एवं सत्र न्यायालय दिल्ली का सेट लगाकर फिल्माई जा रही इस फिल्म में न्यायालय और वकीलों की छवि धूमिल करने के मामले में याचिका दायर की है। अजमेर बार की ओर से दायर याचिका में आज न्यायालय में सुनवाई होनी थी लेकिन किसी के नहीं आने पर न्यायालय को अवगत कराया गया कि नोटिस फिल्म के मैनेजर को दिये गये थे। न्यायालय ने बुधवार को मैनेजर को भी उपस्थित होने के आदेश दिये।

न्यायालय ने अभिनेता अक्षयकुमार , अरशद वारसी, सौरभ शुक्ला, निर्देशक सुभाषचंद्र , रेलमंडल प्रबंधक, जिला कलक्टर, सिविल लाइंस थाना पुलिस को कल हाजिर होने के नोटिस जारी किये हैं। इधर, अजमेर रेलमंडल प्रबंधक राजीव धनखड़ ने मीडिया के समक्ष स्वीकार किया कि, उनकी जानकारी में आया है कि न्यायालय का नोटिस आया है। हम इसका सम्मान करते हैं और उसे पढ़कर जो भी उचित जवाब होगा, न्यायालय में पेश किया जायेगा। उन्होंने कहा कि रेल मंत्रालय की नीति के तहत मुख्यालय से शूटिंग की अनुमति दी जाती है। उन्होंने कहा कि रेलवे में अनेक फिल्मों की शूटिंग हुई है।

इसके भी 27 लाख रुपये से ज्यादा राशि रेलवे को मिल रही है। धनखड़ ने फिल्म पर विवाद विषयक सवाल के जवाब में कहा कि शूटिंग के बाद भी रेलवे द्वारा फिल्म का अवलोकन किया जायेगा, जिसमें किसी तरह के दुरुपयोग पर तय किया जायेगा कि विवादास्पद हिस्से को फिल्म का हिस्सा बनाया जाये अथवा नहीं। गौरतलब है कि उत्तर-पश्चिमी रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ तथा अजमेर मंडल रेल प्रबंधक धनखड़, अभिनेता अक्षय कुमार से अजमेर मंडल में व्यक्तिगत मुलाकात भी कर चुके हैं।

# मौत के बाद परिजन की आत्मा लेने अस्पताल पहुंचे घर वाले

*टोंक/दक्षिण भारत । कहने को तो हम 21वीं सदी में जी रहे हैं, लेकिन अंधविश्वास आज भी हमारे ऊपर किस कदर हावी है इसका अंदाजा मंगलवार को टोंक के सआदत अस्पताल में हुई घटना से लगाया जा सकता है। राजस्थान के टोंक जिले के सबसे बड़े सरकारी सआदत अस्पताल में मंगलवार को एक परिवार अपने मृतक परिजन की आत्मा को लेने अस्पताल पहुंच गया और यहां तांत्रिक क्रियाएं कीं। करीब 20 तक चला ये घटनाक्रम कैमरे में कैद हो गया। हैरत की बात ये रही कि इस घटना का विरोध करने की हिम्मत किसी की नहीं हुई। अंधविश्वास को न मानने वाले डॉक्टर भी इस क्रिया के दौरान डरे सहमे नजर आए। जानाकरी के अनुसार ग्रामीण इलाके से कुछ लोग अस्पताल आ पहुंचे और अपने मृत परिजन की आत्मा ले जाने की बात कहने लगे। वो लोग प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीएल मीना की चेंबर से कुछ ही दूरी पर आत्मा को साथ ले जाने के लगे तांत्रिक क्रियाएं करने लगे। करीब 20 मिनट तक यह तांत्रिक क्रियाएं अस्पताल में चलती रहीं, लेकिन न तो किसी नर्सिंगकर्मी ने इन्हें रोकाटोका न ही आसपास गुजरने वाले पुलिसकर्मी और तीमारदारों ने कुछ कहा। बाद में एक शहरवासी जब अस्पताल पहुंचा तो उन्होंने तांत्रिक क्रियाएं कर रहे लोगों को टोका। हालांकि तब तक वह अपनी क्रियाएं पूरी कर चुके थे। इस घटना से सवाल उठता है कि आखिर सरकारी अस्पतालों में अंधविश्वास का यह खेल कब तक चलेगा।*

# बाड़मेर लोकसभा सीट के एक मतदान बूथ पर आज पुनर्मतदान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बाड़मेर। राजस्थान की बाड़मेर लोकसभा सीट के एक मतदान बूथ पर मत की गोपनीयता भंग होने के कारण आठ मई को पुनर्मतदान होगा। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस प्रकरण में मतदान दल के चार सदस्यों को निलंबित किया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने राजस्थान के बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र में दुधवा खुर्द गांव में एक मतदान बूथ पर पुनर्मतदान के निर्देश जारी किए हैं। इस लोकसभा क्षेत्र में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान हुआ था।

गुप्ता ने बताया कि चौहटन विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 50, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, दुधवा खुर्द बूथ पर दोबारा मतदान आठ मई को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा। विभाग ने आयोग के निर्देशानुसार पुनर्मतदान की सभी तैयारियां कर ली हैं। मतदान बूथ पर वेबकास्टिंग की जाएगी।

गुप्ता ने बताया कि इस मतदान बूथ पर मत की गोपनीयता भंग होने की शिकायत प्राप्त होने के बाद राजस्थान निर्वाचन विभाग ने भारत निर्वाचन आयोग को इस बूथ पर पुनर्मतदान हेतु प्रस्ताव भेजा था। जिसके क्रम में आयोग ने पुनर्मतदान के निर्देश दिए हैं।

अधिकारी ने बताया कि चौहटन (बाड़मेर) के इस मतदान बूथ पर 26 अप्रैल को मतदान कराने वाले मतदान दल के चार सदस्यों को जिलाधिकारी (जिला निर्वाचन अधिकारी) बाड़मेर ने निलंबित कर दिया है। राजस्थान में कुल 25 लोकसभा सीट हैं। इनमें से 12 सीट पर 19 अप्रैल को पहले चरण में और 13 सीट पर 26 अप्रैल को दूसरे चरण में मतदान हुआ था।

# बाल विवाह रोकथाम के लिए उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश की पालना के लिए मुख्य सचिव ने सभी जिला मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय ने प्रदेश में बाल विवाह रोकथाम के लिए आदेश जारी कर बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 प्रभावी होने के बावजूद भी बाल विवाह हो रहे है। पंचायती राज नियम 1996 में बाल विवाह रोकने का दायित्व सरपंच पर है। माननीय न्यायालय ने अंतरिम उपाय के तौर पर निर्देश दिए है कि बाल विवाह को रोकने के लिए जाँच के संबंध में संबंधित अधिङ्ककारियों से नियमित रिपोर्ट ली जाए। माननीय न्यायालय के आदेश मुख्य सचिव सुधांश पंत ने सभी जिला मजिस्ट्रेट को प्रेषित कर निर्देश दिए हैं कि उक्त आदेश को पंच, सरपंच तथा अन्य प्राधिकारियों को प्रसारित कर बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम की



जाए। आदेश के अनुसार जिला प्रशासन द्वारा बाल विवाह जैसी कुप्रथा की रोकथाम हेतु अक्षय तृतीया (आखातीज) जैसे पर्वों पर विशेष ध्यान दिया जाता है। अन्य सावों पर भी विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाहों के आयोजन की संभावनाएं रहती हैं। अतः बाल विवाह की रोकथाम हेतु निरन्तर निगरानी रख क्षेत्र में बाल विवाह नहीं होना सुनिश्चित किया जाये।

बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम के लिए ग्राम एवं तहसील स्तर पर पदस्थापित विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा जनप्रतिनिधियों के माध्यम से बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर आम जन में जनजागृति उत्पन्न कर बाल विवाह रोके जाने के लिए कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। बाल विवाह की रोकथाम हेतु जन सहभागिता व चेतना जागृत करने के लिए कार्य योजना बनाए तथा जिला व ब्लॉक स्तर पर गठित विभिन्न सहायता समूह, महिला समूह, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाडी कार्यकर्ता, महिला सुरक्षा सखी, साथिन सहयोगिनी के कोर ग्रुप को सक्रिय किया जाये। ऐसे व्यक्ति व समुदाय जो विवाह सम्पन्न कराने में सहयोगी होते हैं यथा हलवाई, बैण्ड बाजा वाले, पंडित, बाराती, टैंट वाले, ट्रांसपोर्टर इत्यादि से बाल विवाह में सहयोग न करने का आश्वासन लें और उन्हें कानून की जानकारी देना सुश्चित करें। विवाह हेतु छपने वाले निमंत्रण पत्र के लिए वर-वधू की आयु का प्रमाण प्रिन्टिग प्रैस वाले के पास रहे तथा निमंत्रण पत्र पर वर-वधु की जन्म तारीख प्रिन्ट किये जाने हेतु बल दिया जाएं।

अक्षय तृतीया, पीपल पूर्णिमा जैसे अबूझ सावों पर जिला एवं उप खण्ड कार्यालयों में नियंत्रण कक्ष स्थापित किये जाएं जो 24 घण्टे क्रियाशील रहेगें तथा नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नं. सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा किया जावे।

# सऊदी अरब में नौकरी लगवाने के नाम पर एक लाख 38 हजार रुपए की ठगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अलवर। राजस्थान में अलवर शहर के साइबर थाने में एक डॉक्टर से सऊदी अरब में नौकरी लगवाने के नाम पर एक लाख 38 हजार रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार कोटा दादाबाड़ी के डॉक्टर अबरार अली से अलवर में रहते हुये सऊदी अरब के फैसल स्पेशिलिटी हॉस्पिटल रियाद में नौकरी लगाने का झांसा देकर एक लाख 38 हजार रुपये की ठगी हो गयी। अलवर के सानिया हॉस्पिटल में कार्यरत शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अबरार अली को अब डॉक्टर ने साइबर थाने में रिपोर्ट दी है।

पीड़ित डॉ अबरार के अनुसार वह अब अलवर के रणजीत नगर में रहता है और सानिया हॉस्पिटल में नौकरी करता हैं। गत नौ मार्च को उसके मोबाइल नंबर पर फोन आया और सऊदी अरब के फसल स्पेशिलिटी हॉस्पिटल रियाद में नौकरी करने का ऑफर किया, जिसके लिए 5500 रुपये यूपीआई के जरिये जमा कराकर इंटरव्यू देने की बात की गयी थी। उक्त राशि यूपीआई से भेज दी गई। इसके बाद इंटरव्यू की औपचारिकताएं पूरी की गयी। इसके उपरांत उक्त व्यक्ति द्वारा 13 मार्च से अलग-अलग बहाने कर रुपये मांगे गये।

डॉ अबरार ने पांच बार में कुल एक लाख 38 हजार 400 रुपये यूपीआई के जरिये भेजे। इसके बाद कई बार जॉब ऑफर लेटर मांगा गया। तब हर बार कहा गया कि दो-तीन दिन में आ जायेगा, लेकिन नहीं आया। इसके बाद डॉ अबरार द्वारा पुलिस थाना साइबर को रिपोर्ट दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सांड को बचाने कुएं में उतरे तीन लोगों की जहरीली गैस से मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के शाहपुरा जिले में एक सांड को बचाने के लिए कुएं में उतरे तीन लोगों की जहरीली गैस की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना सोमवार रात आरणी गांव की है जहां दो सांड लड़ते-लड़ते कुएं में गिर गए। उसने कहा कि उनमें से एक को ग्रामीणों ने अर्थमूविंग मशीन की मदद से बचा लिया, जबकि दूसरे सांड़ को बचाने की प्रक्रिया चल ही रही थी कि कुएं में उतरा सुखदेव बेहोश हो गया।

पुलिस के अनुसार सुखदेव को तो बाहर निकाल लिया गया लेकिन उसे बचाने के लिए नीचे उतरे तीन लोग जहरीली गैस की चपेट में आकर बेहोश हो गए। पुलिस के अनुसार, इस हादसे में धनराज (26), कमलेश (19) और शंकर (30) की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार के सदस्यों को सौंप दिए गए।

## टाइगर जय ने किया सांभर का शिकार

सवाई माधोपुर। सवाई माधोपुर स्थित रणथंभौर नेशनल पार्क में जोन नंबर 10 में बाघ को सांभर का शिकार करते देख पर्यटक खासे रोमांचित हो उठे। सोमवार सुबह टाइगर सफारी पर गए पर्यटकों को टाइगर टी-108 जय के दीदार हुए। जोन नंबर 10 में स्थित बोरिंग वाली तलाई पर एक सांभर पानी पी रहा था, वहीं पास ही झाड़ी में बाघ जय घात लगाए हुए बैठा था। मौका पाते ही एक छलांग लगाकर टाइगर ने सांभर पर हमला बोल दिया और महज दो मिनट में ही सांभर का शिकार कर लिया।

## किसी भी संपत्ति पर अतिक्रमण कर उसे अपना बताना वक्फ का चरित्र रहा है : हिंदू पक्ष

**प्रयागराज/भाषा।** मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि–शाही ईदगाह विवाद मामले में हिंदू पक्ष की ओर से रीना एन. सिंह ने मंगलवार को दलील दी कि किसी भी संपत्ति पर अतिक्रमण करना, उसकी प्रकृति बदलना और बिना स्वामित्व के उसे अपनी संपत्ति बताना वक्फ का चरित्र रहा है। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था की अनुमति नहीं दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि वाद की पोषणीयता पर प्रारंभिक आपत्ति उठाते हुए मुस्लिम पक्ष की ओर से कहा गया कि 1968 में एक समझौते के तहत यह संपत्ति उनके पक्ष में आई, लेकिन उस समझौते में स्वामी पक्षकार नहीं था। उन्होंने कहा कि संपत्ति का स्वामी देवता हैं, लेकिन देवता को पक्षकार नहीं बनाया गया। उन्होंने कहा पूजा स्थल अधिनियम और वक्फ अधिनियम के प्रावधान यहां लागू नहीं होते और यह वाद पोषणीय (सुनवाई योग्य) है।

# ‘कांग्रेस ने 26/11 के शहीदों का अपमान किया’

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**अहमदनगर/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने मुंबई में 26/11 के आतंकवादी हमलों के दौरान शहीद हुए सुरक्षाकर्मियों और लोगों का अपमान किया है।

उनकी यह टिप्पणी कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार की उस टिप्पणी की पृष्ठभूमि में आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि तत्कालीन एटीएस प्रमुख हेमंत करकरे को पाकिस्तानी आतंकवादी अजमल कसाब ने नहीं मारा था। मतदाताओं से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध करते हुए कि महाराष्ट्र में कांग्रेस एक भी लोकसभा सीट न जीते, उन्होंने अहमदनगर जिले में एक चुनावी रैली में दावा किया कि चार जून (मतगणना तिथि) विपक्षी ‘इंडिया’ गठबंधन की ‘एक्सपायरी डेट’ होगी। अहमदनगर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार सुजय विखे पाटिल (भाजपा) और शिरडी में सदाशिव लोखंडे (शिवसेना) के लिए एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने दावा किया कि विपक्षी पार्टी की ‘ए टीम हार रही है (लोकसभा चुनावों में) इसलिए सीमा पार से ‘बी’ टीम सक्रिय हो गई है और इससे कांग्रेस का हौसला बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री का इशारा पाकिस्तान के एक नेता द्वारा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की तारीफ की ओर था। मोदी ने कहा, ‘‘यहां कांग्रेस आतंकवादियों को क्लीन चिट दे रही है जबकि पड़ोसी देश तक ने अपने नागरिकों की भूमिका (26/11 हमलों में) स्वीकार कर ली है। कांग्रेस देश को कहां ले जाना चाहती है? तुष्टिकरण के लिए वह इस स्तर तक गिर गई है।’’ नवंबर 2008 में 26/11 हमलों के बाद जीवित पकड़े गए एकमात्र पाकिस्तानी आतंकवादी कसाब को 21 नवंबर 2012 को पुणे के यरवदा केंद्रीय कारागार में फांसी पर लटका दिया गया था।

राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वड्डेटीवार ने हाल में दावा किया था कि 26 नवंबर 2008 को हुए (26/11) मुंबई हमलों के दौरान महाराष्ट्र एटीएस प्रमुख रहे करकरे की मौत कसाब की गोली से नहीं, बल्कि आरएसएस से संबद्ध एक पुलिसकर्मी द्वारा चलाई गई गोली से हुई थी। कांग्रेस नेता ने मुंबई उत्तर–मध्य से भाजपा के उम्मीदवार उज्ज्वल निकम पर प्रहार करते हुए यह बयान दिया था। निकम, हमलों की सुनवाई में सरकारी वकील थे। प्रधानमंत्री ने रैली में मौजूद लोगों से पूछा, ‘‘क्या कांग्रेस को यहां (महाराष्ट्र में) एक भी सीट जीतनी चाहिए?’’ इस सवाल पर वहां मौजूद लोगों ने ‘ना’ में जवाब दिया।

## अगर भाजपा ओडिशा की सत्ता में आती है तो पत्रकारों को पेंशन देगी : प्रधान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भुवनेश्वर/भाषा।** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को कहा कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ओडिशा की सत्ता में आती है तो पत्रकारों के लिए पेंशन की व्यवस्था करेगी।

प्रधान ने संबलपुर में संवाददाताओं से कहा, ‘‘हम ‘सबका साथ सबका विश्वास’ में भरोसा करते हैं। इसी के तहत हम पत्रकारों के लिए पेंशन का प्रावधान करेंगे।’’ उन्होंने कहा कि पत्रकारों को मान्यता देने की नीति में बदलाव किया जाएगा ताकि व्यक्तिगत स्तर पर लिखने वाले, उप अनुमंडलीय स्तर पर कार्य करने वालों को भी इसमें शामिल किया जा सके। शिक्षामंत्री ने कहा कि मीडिया कर्मियों को विभिन्न सरकारी कार्यालयों में प्रवेश करने पर लगाई गई रोक भी हटाई जाएगी।

उन्होंने कहा, ‘‘ उचित दिशानिर्देश जारी किए जाएंगे ताकि पत्रकार सरकार की कार्य प्रणाली की खबर दे सकें।’’

ओडिशा में लोकसभा के साथ–साथ विधानसभा के लिए भी चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को मतदान होगा।

## भाजपा के शासन में आदर्श आचार संहिता, ‘मोदी आचार संहिता’ में तब्दील हो गई है : ममता बनर्जी



**पुरुलिया (प. बंगाल)/भाषा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग ने भाजपा नेताओं द्वारा प्रचार के दौरान नफरत फैलाने वाले भाषण देने के संबंध में आंखें मूंद ली हैं, जिससे आदर्श आचार संहिता, ‘‘मोदी आचार संहिता’’ में तब्दील हो गई है। पुरुलिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के अन्य शीर्ष नेता केवल खुद को ही हिंदू मानते हैं और वे अन्य समुदायों के बारे में नहीं सोचते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी और अन्य भाजपा नेता अपने ‘‘नफरत भरे भाषणों’’ से निचली जाति के हिंदुओं, अल्पसंख्यकों और अन्य वंचित वर्गों को डरा रहे हैं लेकिन निर्वाचन आयोग चुप है। बनर्जी ने कहा, ‘‘निर्वाचन आयोग की आदर्श आचार संहिता एक मजाक बन गई है और इसे ‘मोदी आचार संहिता’ का नाम दिया जाना चाहिए। लेकिन, हम इस देश के नागरिकों के अधिकारों के उल्लंघन की हर घटना को उजागर करना जारी रखेंगे।’’

## फडणवीस ने करकरे पर कांग्रेस नेता की टिप्पणी को लेकर कहा, पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं वड्डेटीवार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को कांग्रेस नेता विजय वड्डेटीवार पर पाकिस्तान की भाषा बोलने का आरोप लगाया। फडणवीस का यह बयान वड्डेटीवार के इस आरोप के कुछ दिन बाद आया है, जिसमें कांग्रेस नेता ने कहा था कि आतंक रोधी दस्ता (एटीएस) के तत्कालीन प्रमुख हेमंत करकरे की आतंकवादी अजमल कसाब ने नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध एक पुलिसकर्मी ने हत्या की थी।

उप मुख्यमंत्री ने वड्डेटीवार की टिप्पणी पर शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की चुप्पी पर भी सवाल उठाया। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वड्डेटीवार ने हाल में दावा किया था कि 26 नवंबर 2008 को हुए (26/11) मुंबई हमलों के दौरान महाराष्ट्र एटीएस प्रमुख रहे करकरे की मौत कसाब की गोली से नहीं, बल्कि आरएसएस से संबद्ध एक पुलिसकर्मी द्वारा चलाई गई गोली से हुई थी। कांग्रेस नेता ने मुंबई उत्तर–मध्य से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार उज्ज्वल निकम पर प्रहार करते हुए यह बयान दिया था। निकम, हमलों की सुनवाई में सरकारी वकील थे। फडणवीस ने आरोप लगाया, ‘‘वड्डेटीवार यह कहकर पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं कि हेमंत करकरे की अजमल कसाब ने हत्या नहीं की थी...पूरा देश उज्ज्वल निकम के साथ था, जबकि कांग्रेस आतंकवादी अजमल कसाब के साथ थी।’’

**राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वड्डेटीवार ने हाल में दावा किया था कि 26 नवंबर 2008 को हुए (26/11) मुंबई हमलों के दौरान महाराष्ट्र एटीएस प्रमुख रहे करकरे की मौत कसाब की गोली से नहीं, बल्कि आरएसएस से संबद्ध एक पुलिसकर्मी द्वारा चलाई गई गोली से हुई थी...**

देश के तानाशाही की ओर बढ़ने के कांग्रेस के आरोप पर, फडणवीस ने कहा कि देश ने 1975 में तानाशाही देखी थी जब समूचे विपक्ष को दो साल के लिए जेल में डाल दिया गया था। उन्होंने कहा, ‘‘जिन लोगों के खून में तानाशाही है वे हमपर इसका आरोप लगा रहे हैं।’’ फडणवीस ने कहा कि उद्धव ठाकरे नीत महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार ने उनकी गिरफ्तारी का षडयंत्र रचा था और यहां तक कि इसे अंजाम देने के लिए मुंबई पुलिस के एक आयुक्त को लाया था। अजित पवार द्वारा अपनी मां आशा पवार को बारामती में मतदान केंद्र पर लाने और उनका आशीर्वाद मिलने की बात कहे जाने के बारे में पूछे जाने पर फडणवीस ने कहा कि जब यह माहौल बनाया गया है कि अजित पवार को परिवार के शेष सदस्यों ने दरकिनार कर दिया है, तब मां के आशीर्वाद से बढ़कर कुछ नहीं हो सकता।



## भगवान के अस्तित्व को चुनौती देना और सनातन संस्कृति को गाली देना विपक्ष के लिए ‘फैशन’: योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**सीतापुर (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत की सनातन संस्कृति को गाली देना, देश की सत्ता को चुनौती देना, प्रभु राम और कृष्ण के अस्तित्व पर प्रश्न उठाना आजकल विपक्षी नेताओं के लिए एक ‘फैशन’ सा बन गया है।

योगी ने कहा, ‘‘जब विनाश काले विपरीत बुद्धि होती है तो लोग ऐसा ही करते हैं। उन्हें मालूम होना चाहिये कि ये धरती ऋषियों और सनातनियों की है। वे केवल यज्ञ–हवन तक ही सीमित नहीं थे, बल्कि विपत्ति आने पर राक्षसों का संहार भी करते थे। ऐसे में प्रभु राम और कृष्ण पर सवाल खड़ा करने वालों को हम कैसे स्वीकार कर सकते हैं। देश की जनता वोट की चोट के जरिये इसका हिसाब देगी।’’

योगी आदित्यनाथ मंगलवार को मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान लोकसभा प्रत्याशी अशोक रावत के पक्ष में मतदान की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा, ‘‘भाजपा की ‘डबल इंजन’ की सरकार ने नैमिषारण्य के विकास के लिए विभिन्न कार्य किये हैं, जो आपको दिखने लगे हैं। आज अयोध्या जिस तरह से नई नजर आ रही है, वैसे ही नैमिषारण्य का भी नया स्वरुप सबके सामने है। यहां पर वायु सेवा और इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू होने जा रही है। वहीं यात्रियों के लिए विश्रामालय बनने वाले हैं।’’

उन्होंने कहा, ‘‘अयोध्या, काशी और मां विंध्यवासिनी धाम की तरह मां ललिता धाम का भी पुनरोद्धार और सुंदरीकरण किया जा रहा है। इससे यहां के नौजवानों और व्यापारियों के लिए नये रोजगार का सृजन होगा। यह कार्य केवल वही कर सकता है, जो प्रभु की सत्ता पर विश्वास करता हो। यह काम भगवान राम और कृष्ण को नकारने वाले नहीं कर सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश नये भारत का दर्शन कर रहा है।’’ उन्होंने कहा कि आज तीसरे चरण का मतदान हो रहा है जबकि दो चरण का मतदान संपन्न हो चुका है।



## टी20 विश्व कप में भारतीय दिग्गजों के लिए द्रविड़ के पास स्पष्ट योजनाएं होनी चाहिए : लारा

**नई दिल्ली/भाषा।** महान क्रिकेटर ब्रायन लारा का मानना है कि भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को अगले महीने अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप में सुपरस्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराने के लिए एक विशेष योजना की जरूरत होगी। भारतीय टीम प्रबंधन ने खेल के सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में अनुभवी विराट कोहली और रोहित शर्मा का समर्थन करना जारी रखा है और इस टीम में आठ ऐसे खिलाड़ी है जो 2022 टी20 विश्व कप का भी हिस्सा थे।

लारा ने कहा, ‘‘ जब आपके पास बहुत सारे दिग्गज खिलाड़ियों वाली टीम होती है, तो आप योजना भूल जाते हैं। आपको विश्वास रहता है कि ये दिग्गज अपना काम बखूबी कर सकते हैं। एक कोच के रूप में कभी–कभी आपके लिए सर विवियन रिचर्ड्स या विराट कोहली से यह कहते हुए संकोच हो सकता है कि आप उनसे क्या उम्मीद करते हैं।’’

भारतीय टीम के संयोजन के बारे में पूछे जाने पर लारा ने रिचर्ड्स की अगुवाई वाली बेहद अनुभवी वेस्टइंडीज टीम का उदाहरण दिया जो 1987 विश्व कप के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच सकी थी। उन्होंने कहा, ‘‘ टीम में खिलाड़ियों के चयन को लेकर अतीत में भी बहुत सारी टीमों को दुविधा की स्थिति का सामना करना पड़ा है। इसका एक अच्छा उदाहरण 1988 (1987) की वेस्टइंडीज की टीम है।’’ उन्होंने कहा, ‘‘जाहिर तौर पर जब आपके पास इतने महान खिलाड़ी हों तो आप उस अनुभव को बनाये रखना चाहते हैं क्योंकि आपको लगता है कि वे ऐसा कर सकते हैं और इसमें कुछ भी गलत नहीं है।’’ लारा ने कहा कि भारतीय टीम में शामिल दिग्गज खिलाड़ियों को लेकर द्रविड़ को योजना के मोर्चे पर पूरी तरह से तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा, ‘‘आपके पास बहुत सारे रोमांचक युवा खिलाड़ी आ रहे हैं और आपके पास भी इस तरह की दुविधा है। भारत एक ऐसी टीम के साथ गया है जिसके पास अनुभव है।



## भाजपा के अंदर सत्ता के लिये हो रही खींचतान : अखिलेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इटावा (उप्र)/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अंदर सत्ता को लेकर खींचतान चलने का आरोप लगाते हुए कहा है कि यही वजह है कि उसके नेता 'आत्म तुष्टीकरण' के लिये बयान दे रहे हैं। उन्होंने भाजपा के लोगों पर मैनपुरी में ‘बूथ’ लूटने की तैयारी करने का आरोप भी लगाया।

यादव ने मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इटावा के सैफई में वोट डालने के बाद कहा, ''भाजपा के अंदर खींचतान चल रही है कि सत्ता किसके हाथ में हो। यह बात किसके समझ में नहीं आ रही है?... वे जो बयान देते हैं, ये बयान वे किसी और के लिए नहीं दे रहे हैं, आत्म तुष्टीकरण के लिए दे रहे हैं। ये लोग चतुराई से बातें करते हैं।'' हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। सपा अध्यक्ष ने भाजपा पर मैनपुरी में ‘बूथ’ लूटने की तैयारी करने का गम्भीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ''भाजपा के लोगों ने पिछले चुनाव में भी बूथ लूटा था तब भी बुरी तरह हारे थे। ये फिर बूथ लूटने की तैयारी कर रहे हैं। आप लोग चार–पांच बजे मैनपुरी चले जाएं। ये फिर बूथ लूटने जा रहे हैं।'' सपा प्रमुख ने भाजपा पर जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह वही सरकार है जो किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं दे पाई और तीन काले कानूनों के खिलाफ आंदोलन में एक हजार से ज्यादा किसानों की जान चली गई। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने किसानों पर कार चढ़ा दी तथा 2014 से जब से भाजपा सरकार आई है, देश में एक लाख किसानों ने आत्महत्या कर ली। यादव ने भीषण गर्मी में चुनाव कराये जाने पर भी सवाल उठाते हुए कहा, ''कई चुनावों में हम लोगों ने गर्मियों में वोट डाले हैं। भाजपा वालों को इस बात की भी सजा मिलनी चाहिए। हालांकि वे कहेंगे कि यह निर्वाचन आयोग का फैसला है लेकिन भाजपा वाले जानबूझकर गर्मी में वोट डलवाते हैं, आपको तकलीफ पहुंचाने के लिए।

## झूठ व नफरत फैलाने वालों को खारिज करें, उज्ज्वल भविष्य के लिए कांग्रेस को वोट दें : सोनिया गांधी



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मंगलवार को जनता से झूठ व नफरत फैलाने वालों को खारिज करने और सभी के लिए ‘‘अधिक समान और उज्ज्वल’’ भविष्य सुनिश्चित करने के वास्ते कांग्रेस को वोट देने की अपील की। उन्होंने लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के दिन यह अपील की है। सोनिया गांधी ने कहा कि कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन ‘इंडिया’ के घटक दल संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा, ‘‘झूठ और नफरत फैलाने वालों को खारिज करें और सभी के उज्ज्वल व समान भविष्य के लिए कांग्रेस को वोट दें। ‘हाथ’ (कांग्रेस का चुनाव चिह्न) का बटन दबाएं। आइए मिलकर शांति और सद्भाव के साथ सभी के लिए एक मजबूत व अधिक एकजुट भारत का निर्माण करें।’’

वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि युवा बेरोजगारी की दर, महिलाओं के खिलाफ अपराध और दलितों, आदिवासियों व अल्पसंख्यकों के खिलाफ भेदभाव अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गया है। उन्होंने दावा किया कि ये चुनौतियां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा की ‘‘नीयत और नीति’’ से उपजी हैं, जिनका लक्ष्य समावेशिता और संवाद को खारिज करते हुए सत्ता हासिल करना है।

गांधी ने कहा, ‘‘हमारे संविधान और लोकतंत्र के खतरे में होने, गरीबों को पीछे छोड़ दिए जाने और हमारे समाज के ताने–बाने को कमजोर किए जाने का दृश्य मुझे पीड़ा से भर देता है।’’

## मुसलमानों को आरक्षण मिलना चाहिए, पर धर्म के आधार पर नहीं : लालू प्रसाद



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पटना/भाषा।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने मुसलमानों को आरक्षण का लाभ दिए जाने की वकालत करते हुए मंगलवार को कहा कि यह सामाजिक पिछड़ेपन पर आधारित होना चाहिए न कि धर्म के आधार पर। इससे पहले दिन में पटना में पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रसाद द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के लिए आरक्षण लाभ को लेकर की गई टिप्पणी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के अन्य नेताओं ने उनकी आलोचना की।

कई मुस्लिम जातियां बिहार और कई अन्य राज्यों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की सूची में शामिल हैं। हालांकि, कर्नाटक की कांग्रेस सरकार द्वारा मुस्लिम समुदाय को ओबीसी कोटे के तहत आरक्षण देने को लेकर पिछले साल विधानसभा चुनाव में हारी भाजपा आलोचना कर रही है। मोदी और अन्य भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस और राजद जैसे उसके सहयोगी ओबीसी, दलितों और आदिवासियों को मिल रहे आरक्षण में कटौती कर इसका लाभ मुसलमानों को देना चाहते हैं। इस बारे में पूछे जाने पर राजद प्रमुख ने कहा, ‘‘ आरक्षण तो मिलना चाहिए ना मुसलमानों को।’’

राजद सुप्रीमो की टिप्पणी को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को निशाना साधा। उन्होंने मध्य प्रदेश की एक रैली में कहा, ‘‘एक व्यक्ति जो पशुओं का चारा खा गए और अदालत ने जिनको सजा दी है (चारा घोटाला मामला)... उनकी बेशर्मी देखो जो खराब स्वास्थ्य के कारण जमानत पर है। ये कांग्रेस वाले इतने गिर गए हैं कि उन्हें माथे पर बिठाकर घुमा रहे हैं।’’ प्रधानमंत्री की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए, प्रसाद ने विशिष्ट अंदाज में कहा, ‘‘मैं (राजनीति में) नरेन्द्र मोदी से वरिष्ठ हूं। वह बहुत सी चीजें नहीं जानते हैं जो मैं जानता हूं। मेरे शासनकाल के दौरान मंडल आयोग की सिफारिशें (बिहार में) लागू की गई थीं।’’

# भाजपा कब तक किसानों को कर्ज माफी का जुमला देती रहेगी: कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने मंगलवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मध्य प्रदेश में किसानों का कर्ज माफ करने के अपने वादे को पूरा नहीं किया है और पूछा कि वह (भाजपा) कब तक किसानों को कर्ज माफी का जुमला देती रहेगी।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने मध्य प्रदेश के धार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली से पहले उनसे ये सवाल पूछे। उन्होंने ‘एक्स’ पर लिखा, ‘‘भाजपा कब तक किसानों को कर्जमाफी का जुमला देती रहेगी? मध्य प्रदेश में 'डबल अन्याय' सरकार राशन के रूप में पशुओं का चारा क्यों बांट रही थी? मध्य प्रदेश आदिवासियों को वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) के तहत उनके अधिकार देने में क्यों विफल रहा है? मध्य प्रदेश ‘पेसा’ (पंचायत अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार कानून) को शब्दश: कब लागू करेगा?’’ रमेश ने कहा कि 2008 में, मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष और वर्तमान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राज्य के किसानों के 50,000 रुपए के कर्ज माफ करने का वादा करते हुए पर्चे वितरित किए थे। उन्होंने दावा किया कि 16 साल बाद भी भाजपा ने यह वादा पूरा नहीं किया है।



उन्होंने कहा, ‘‘दरअसल, मध्य प्रदेश में कांग्रेस सरकार जिसने वास्तव में 2018–19 में 27 लाख किसानों के लिए ऋण माफी लागू की थी, उसे धन और संस्थाओं की शक्ति के दुरुपयोग के माध्यम से गिरा दिया गया।’’ रमेश ने कहा कि कांग्रेस के ‘न्याय पत्र’ में ऋण माफी और इसके कार्यान्वयन की निगरानी के लिए एक स्थायी आयोग की स्थापना करने का वादा किया गया है। उन्होंने कहा, ‘‘क्या प्रधानमंत्री मोदी भी इसके लिए प्रतिबद्धता दिखाएंगे? क्या भाजपा उस जुमले को पूरा करेगी, जो वे वर्षों से उछालते आ रहे हैं?’’

उन्होंने कहा कि 2020 में, कोविड–19 महामारी के दौरान, केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार पर ऐसे अनाज वितरित करने का आरोप लगाया था, जो 'मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त' और 'बकरी, घोड़े, भेड़ और अन्य मवेशियों के लिए उपयुक्त' था और जिसे मध्य प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों में राशन के रूप में दिया जा रहा था। कांग्रेस नेता ने कहा, ‘‘अब प्रधानमंत्री मोदी किस मुंह से अपनी मुफ्त राशन योजना के लिए मध्य प्रदेश के आदिवासी समुदायों से वोट मांग रहे हैं? क्या प्रधानमंत्री अपनी पार्टी के लोगों के इस शर्मनाक रवैये का समर्थन करते हैं?’’ उन्होंने कहा कि 2006 में कांग्रेस ने क्रांतिकारी वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) पारित किया था, जिसने आदिवासियों और वन में रहने वाले अन्य समुदायों को अपने खुद के जंगलों का प्रबंधन करने और उनसे प्राप्त उपज से आर्थिक रूप से लाभ उठाने का कानूनी अधिकार दिया था।

## सुविचार

**अगर कोई पूछे जिंदगी में क्या खोया और क्या पाया, तो कहना जो कुछ खोया वो मेरी नादानी थी और जो भी पाया वो प्रभू की मेहेरबानी थी, खुबसूरत रिश्ता है मेरा और भगवान के बीच में, ज्यादा मैं मांगता नहीं और कम वो देता नहीं ?**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# उल्टी पड़ गई चाल

मालदीव के पर्यटन मंत्री इब्राहिम फैसल के बयान से स्पष्ट होता है कि इस देश के कुछ नेताओं ने भारत के साथ संबंधों को बिगाड़ने के लिए जो चाल चली, वह उनके लिए ही उल्टी पड़ गई। 'मुइज्जू मंडली' ने भारतीय प्रधानमंत्री और सनातन संस्कृति के बारे में जिस तरह ओछी टिप्पणियां कीं, उसके बाद मालदीव के खजाने पर चोट पड़नी ही थी। मुइज्जू मंडली को लगा होगा कि वे 'भारतविरोधी बयानबाजी कर सत्ता में आ गए, अब कुछ और 'नमक-मिर्च' लगाते हुए उल्टी-सीधी टिप्पणियां करेंगे तो और कुछ हो या न हो, चीन, तुर्की और पाकिस्तान जैसे देश हमें हाथोंहाथ लेंगे।' मालदीव के उन नेताओं को यह भी भ्रम था कि 'वे भारत के बारे में उकसाने वाली और अपमानजनक टिप्पणियां कर देंगे, तो कोई कठोर प्रतिक्रिया नहीं आएगी ... एक-दो दिन सोशल मीडिया में चर्चा होगी, उसके बाद भारतीय पर्यटक यहीं घूमने आएंगे!' इस मामले में भारतीयों ने जिस तरह एकजुटता दिखाई, वह प्रशंसनीय है। विदेश घूमने, समुद्री लहरों का आनंद लेने और आकर्षक तस्वीरें पोस्ट करने से कहीं ज्यादा महत्त्वपूर्ण है- आत्मसम्मान। तुलसीदासजी तो बहुत पहले कह गए कि जहां जाने से लोग हमें देखकर खुश न हों, जिनकी आंखों में स्नेह न हो, वहां सोना भी बरसे तो नहीं जाना चाहिए। मुइज्जू मंडली ने 'अति' कर दी थी। उससे पहले तो भारतीय वहां खूब जा रहे थे। इससे मालदीव में पर्यटन का कारोबार अच्छा चल रहा था। बल्कि यह कहना ज्यादा सही रहेगा कि मालदीव के पर्यटन को भारतीय सेलिब्रिटी वर्ग ने इतना ऊपर पहुंचाया है। सिनेमा से जुड़े बड़े-बड़े नाम मालदीव जाकर हफ्तों रहते और अपने वीडियो के जरिए इस देश के 'प्राकृतिक सौंदर्य' का प्रचार-प्रसार करते थे।

जब से मुइज्जू मंडली ने अनर्गल बयानबाजी शुरू की, भारतीय सेलिब्रिटी वर्ग ने मालदीव से मुंह मोड़ लिया। उनमें से कई लोगों ने तो अपने सोशल मीडिया हैंडल्स से मालदीव के उन नेताओं को आड़े हाथों भी लिया। सेलिब्रिटी वर्ग के मालदीव न जाने के पीछे एक बड़ी वजह भारतीयों द्वारा चलाया जा रहा 'बहिष्कार' ट्रेंड भी था। अगर उस माहौल में कोई कलाकार मालदीव जाकर वहां के नजारों का लुत्फ उठाते हुए तस्वीरें-वीडियो पोस्ट करता तो यहां अच्छा संदेश नहीं जाता। सेलिब्रिटी वर्ग को जनता की नाराजगी महंगी पड़ सकती है। इसका सीधा असर आगामी फिल्म या धारावाहिक पर हो सकता है। सामान्य पर्यटकों ने भी मालदीव की टिकटें खूब निरस्त करवाई थीं। आज जब मालदीव के पर्यटन मंत्री इब्राहिम फैसल भारत के साथ ऐतिहासिक संबंधों पर जोर देते हुए कहते हैं कि 'हमारा एक इतिहास है ... हमारी नवनिर्वाचित सरकार भी मिलकर (भारत के साथ) काम करना चाहती है ... हम हमेशा शांति और मैत्रीपूर्ण वातावरण को बढ़ावा देते हैं ... हमारे लोग और सरकार आने वाले भारतीयों का गर्मजोशी से स्वागत करेंगे ... पर्यटन मंत्री के तौर पर मैं भारतीयों से कहना चाहता हूं कि कृपया मालदीव के पर्यटन का हिस्सा बनें ... हमारी अर्थव्यवस्था पर्यटन पर निर्भर करती है', तो पता चलता है कि भारतीय सोशल मीडिया यूजर्स द्वारा चलाया गया 'बहिष्कार' ट्रेंड कितना असरदार साबित हुआ है! इब्राहिम फैसल को अपने नेताओं से पूछना चाहिए कि उन पर कैसी सनक सवार हुई कि उन्होंने वर्षों पुराने संबंधों को पलीता लगा दिया? इसकी क्या जरूरत थी? भारत सरकार और भारतवासी तो हमेशा आपका सहयोग करते रहे हैं। इसके बावजूद आपके नेता संबंध बिगाड़ने को इतने आमादा क्यों थे? क्या इसलिए कि चीन कुछ 'मदद' करेगा, तुर्की तालियां बजाएगा और पाकिस्तान वाहवाही करेगा? पर्यटक आपको भारत से चाहिएं, कमाई भारत से चाहिए, मुसीबत में सहयोग भी भारत से चाहिए, लेकिन आप भारतविरोधी बातें करें, भारतविरोधियों के सुर में सुर मिलाएं ... उसके बाद भारतवासियों से कहें कि 'मालदीव के पर्यटन का हिस्सा बनें'! यह नहीं हो सकता। पहले मुइज्जू मंडली अपने शब्दों के लिए क्षमा मांगे, भारतविरोधी कदम वापस ले और यह सुनिश्चित करे कि भविष्य में ये बातें दोहराई नहीं जाएंगी। भारतीयों के लिए आत्मसम्मान बहुत मायने रखता है। इस पर कोई समझौता नहीं हो सकता।

## ट्वीटर टॉक



मैं तो आपको कहता हूं कि हमारे और उनके काम का आप हिसाब लगाओ। उनको गाना पसंद नहीं आया तो मजरूह सुल्तानपुरी को जेल में डाल दिया, किशोर कुमार के गाने बंद कर दिए। उनके समय विपक्ष के कितने नेता जेल में पड़े थे, उन्होंने कितनी सरकारें गिराईं... आप हिसाब लगाइए।

**–नरेन्द्र मोदी**



माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में राजस्थान की सरकार ने 3 माह में जो कार्य किया है उतना कार्य किसी सरकार ने नहीं किया। प्रवासी भाई-बंधुओं को तीर्थ स्थलों पर दर्शन करने के लिए प्रोटोकॉल मिलेगा।

**–भजनलाल शर्मा**



यह चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है – ये हमारे लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई है। जब तक कांग्रेस का एक भी कार्यकर्ता सच्चाई के लिए खड़ा है, तब तक भारत में नफ़रत नहीं जीत सकती – और हम एक नहीं, करोड़ों हैं।

**–राहुल गांधी**

## प्रेरक प्रसंग

# सुख के सूत्र

रूसी साहित्य के लेखक मैक्सिम गोर्की को आज हर कोई जानता है, पर बहुत कम व्यक्ति इस बात से परिचित हैं कि उनके जीवन के प्रारंभिक दिन बहुत संघर्षमय रहे। आर्थिक रूप से विपन्न गोर्की को बहुत वर्षों तक नौकर के रूप में कार्य करना पड़ा और अपने साहित्य प्रेम के कारण अपने मालिकों के दुर्व्यवहार को भी सहन करना पड़ा। अपनी आर्थिक स्थिति से तंग आकर एक दिन उन्होंने स्वयं को गोली मार ली, पर गोली दिल में न लगकर फेफड़ों में लगी और उनका जीवन बच गया। इन्हीं कष्टमय दिनों में उन्होंने अपनी पहली पुस्तक लिखी और उसके प्रकाशित होते ही वे एक सुविख्यात लेखक के रूप में प्रतिष्ठित हो गए। बाद में अपने कठिन दिनों को याद करते हुए गोर्की ने एक बार कहा, 'जब तक आदमी काम को ड्यूटी समझकर करता है, उसका जीवन गुलाम का होता है, पर जिस दिन वो उस काम को अपनाकर करता है, उस दिन उसके जीवन में सुख और आनंद की शुरुआत होती है।' जीवन में सुखी रहने का यह छोटा-सा सूत्र कई मायनों में बेशकीमती है।

## सामयिक

# भारत में अंगदान की कमी से जा रही लोगों की जान

**डॉ सत्यवान सौरभ**

मोबाइल : 9466526148



देश में तीन लाख मरीज अंगदान का इंतजार कर रहे हैं और देश में दाताओं की संख्या में वृद्धि मांग के अनुरूप नहीं है; विशेषज्ञों का कहना है कि देश को तत्काल मृतक दान दर बढ़ाने की जरूरत है, और आईसीयू डॉक्टरों और परिवारों के बीच इस बारे में अधिक जागरूकता होनी चाहिए कि कैसे एक मृतक दानकर्ता कई जिंदगियां बचा सकता है। तीन लाख से अधिक रोगियों की प्रतीक्षा सूची और अंग के इंतजार में हर दिन कम से कम 20 लोगों की मृत्यु के साथ, भारत में अंग दान की कमी, विशेष रूप से मृतक दान, भारी नुकसान उठा रही है। भारत में मृतक अंगदान की दर पिछले एक दशक से प्रति दस लाख की आबादी पर एक दाता से कम रही है।

भारत को इसे प्रति मिलियन जनसंख्या पर 65 दान तक बढ़ाने की आवश्यकता है और ऐसा करने के लिए, सार्वजनिक क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवा को आगे बढ़ना होगा। देश में लगभग 600 मेडिकल कॉलेज और 20 से अधिक एम्स हैं। अगर हमें हर साल उनसे एक-एक दान भी मिले तो हम बेहतर स्थिति में रहेंगे।' दुनिया भर में भी, अंगों की आवश्यकता वाले केवल 10 प्रतिशत रोगियों को ही समय पर अंग मिल पाते हैं। स्पेन और अमेरिका में बेहतर अंग दान प्रणाली है, जहां प्रति मिलियन 30-50 दान की दर है। मरीजों के परिवारों को आगे आने और दान करने में मदद करने के लिए ट्रॉमा और आईसीयू डॉक्टरों को प्रशिक्षित करना समय की मांग है, कई संभावित मामलों की उपलब्धता के बावजूद, भारत में अंग दान की कम दर मस्तिष्क मृत्यु या मस्तिष्क स्टेम मृत्यु मामलों की अपर्याप्त पहचान और प्रमाणीकरण के कारण हो रही है। अंगदान के मामले में देश का वार्षिक औसत अब भी प्रति दस लाख लोगों पर एक से भी कम दाता है।

सड़क परिवहन के आंकडों के मुताबिक भारत में हर साल, करीब 150,000 लोग सड़कों पर मारे जाते हैं। इसका मतलब औसतन हर रोज सड़कों पर 1000 से ज्यादा दुर्घटनाएं होती हैं और 400 से ज्यादा लोग दम तोड़ देते हैं। अंग दान में मृत डोनर के अंगों- जैसे हृदय, यकृत (लिवर), गुर्दे (किडनी), आंतें, आंखें, फेफड़े और अग्नयाशय (पैनक्रियाज) को निकाल कर दूसरे व्यक्ति के शरीर में प्रत्यारोपित कर दिया जाता है, जिसे जीवित रहने के लिए उनकी जरूरत है। एक मृत डोनर, जिसे कैडेवर भी कहा जाता है, इस तरह नौ लोगों की जान बचा सकता है। हालांकि हेल्थ प्रोफेश्नल आमतौर पर अंगदान के विषय पर मृतक के परिजनों से बात करने में अटपटा महसूस करते हैं। डॉक्टर मृतक के अंगों को दान देने के बारे में पूछने से कतराते हैं। कोई इस बारे में प्रोत्साहन भी नहीं है और बदले की कार्रवाई का डर भी रहता है।

जनता अनिच्छुक और अविश्वासी है क्योंकि वे मस्तिष्क मृत्यु, अंग दान के विचार या इसके फायदों को पूरी तरह से नहीं समझते हैं। मृत्यु के बाद शरीर के बारे में सांस्कृतिक रीति-रिवाज सहमति में बाधा डाल सकते हैं, और कुछ धार्मिक मान्यताएँ अंग दान पर रोक लगाती हैं।भारत में पर्याप्त प्रत्यारोपण केंद्र, आवश्यक प्रशिक्षण वाले चिकित्सा पेशेवर या अंगों की पुनर्प्राप्ति, संरक्षण और परिवहन के लिए संसाधन नहीं हैं। अंग दान के लिए परिवार की सहमति प्राप्त करना अक्सर आवश्यक होता है। यह एक लंबी और भावनात्मक रूप से कठिन प्रक्रिया हो सकती है, जो दान में देरी कर सकती है या उसे रोक भी सकती है। यहां तक कि ऐसे मामलों में जहां अंग उपलब्ध हैं, कई रोगियों की पहुंच प्रत्यारोपण सर्जरी और पोस्ट-ऑपरेटिव देखभाल की उच्च लागत के कारण और भी सीमित है।

अंग विफलता वाले कई मरीज़ अंग की तीव्र कमी के परिणामस्वरूप प्रत्यारोपण का इंतजार करते समय मर जाते हैं।अगों की अत्यधिक आवश्यकता के कारण अवैध अंग व्यापार नेटवर्क को बढ़ावा मिलता है, जो कमजोर लोगों को नैतिक और स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के साथ-साथ शोषण के खतरे में डालता है। अंगों की सीमित आपूर्ति के कारण स्वास्थ्य संबंधी असमानताएं बढ़ जाती हैं, जिससे पैसे वाले लोगों के लिए इसकी संभावना अधिक हो जाती है। जीवनरक्षक प्रत्यारोपण प्राप्त करें। डायलिसिस और अन्य सहायक देखभाल उन कई संसाधनों में से हैं जिन पर अंतिम चरण के अंग विफलता वाले रोगियों के प्रबंधन के कार्य द्वारा भारी कर लगाया जाता है।

सभी बातों पर विचार करने पर, भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली निम्न अंगदान दरों से बहुत प्रभावित होती है, जिसके परिणामस्वरूप टाली जा सकने वाली मौतें, अनैतिक व्यवहार और जीवन रक्षक देखभाल तक असमान पहुंच होती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सभी को अंग प्रत्यारोपण तक उचित पहुंच मिले, इन मुद्दों को संबोधित करने के लिए एक बहुआयामी रणनीति की आवश्यकता है जिसमें नैतिक विचार, कानूनी सुधार, बुनियादी ढांचे का विकास और सार्वजनिक शिक्षा शामिल है। एक मृत अंग दाता आठ लोगों की जान बचा सकता है। दान की गई दो किडनी दो रोगियों को डायलिसिस उपचार से मुक्त कर सकती हैं।

दान किए गए एक लीवर को प्रतीक्षा सूची के दो रोगियों के बीच विभाजित किया जा सकता है। दो दान किए गए फेफड़ों का मतलब है कि दो अन्य रोगियों को दूसरा मौका दिया गया है, और एक दान किए गए अग्नयाशय और दान किए गए हृदय का मतलब दो और रोगियों को जीवन का उपहार प्राप्त करना है। एक ऊतक दाता – कोई व्यक्ति जो हड्डी, टेंडन, उपास्थि, संयोजी ऊतक, त्वचा, कॉर्निया, श्वेतपटल, और हृदय वाल्व और वाहिकाओं को दान कर सकता है। 75 लोगों के जीवन को प्रभावित कर सकता है। भारत में अंग दान की प्रतिज्ञा को वास्तविक दान में तब्दील करने की जरूरत है और इसके लिए मेडिकल स्टाफ को शिक्षित करने की जरूरत है। उन्हें मस्तिष्क मृत्यु और अंग दान के महत्व के बारे में परिवारों को पहचानने, पहचानने, सूचित करने और परामर्श देने में सक्षम होना चाहिए।

## विचार

# भारतीय वैदिक संस्कृति की विदेशों में प्रभाव की अपार संभावनाएं

**संजीव ठाकुर**

मोबाइल : 9009 415 415

भारतीय ऋग्वेद अथर्ववेद और अनेक वेदों में इतनी शक्ति ऊर्जा और अर्थ छुपा हुआ है कि उसका अध्ययन मनन और चिंतन करने से भारत विश्व गुरु बनने की क्षमता रखता है। भारत की योग विद्या पूरे विश्व में अमेरिका सहित यूरोप में अपनाई गई है। यह अलग बात है कि कुछ देशों के प्रशासको द्वारा अपनी सनक एवं विस्तार वादी मानसिकता के कारण यूक्रेन में युद्ध की स्थिति बन कर पूरे विश्व में वैश्विक युद्ध की संभावनाएं बन गई हैं। इसका हल मी भारतीय संस्कृति संस्कारों में छुपा हुआ है उसे बस अपनाने की जरूरत है। भारतीय संस्कृति आज महावीर तथा बुध के पूरे विश्व में करोड़ों अनुयाई हैं, और दोनों ने श्रम तथा सार्थकता को जीवन में अपनाने को ही महत्व दिया था। सफलता उनके लिए मिथ्या के बराबर ही थी। गुरु नानक देव द्वारा प्रतिपादित सरबत दा भला, हो या महात्मा गांधी का सर्वोदय, ईसा मसीह की करुणा, मोहम्मद साहब, टैगोर का मानवतावाद या नेहरू का अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रवाद जीवन के श्रम तथा सार्थकता की खोज में बड़े महत्वपूर्ण उदाहरण है। व्यक्तिगत और पारिवारिक स्तर पर देखा जाए तो महज रोजगार की तलाश विवाह संतानोत्पत्ति,बच्चों का भरण पोषण तथा सेवानिवृत्ति ही जीवन नहीं है। इसमें सामुदायिक श्रम और सार्थकता का समावेश होना समीचीन है। हालांकि इस बात में कोई दो मत नहीं कि पारिवारिक उत्तरदायित्व का निर्वहन समाजिक मूलभूत आवश्यकता है। पर इसके साथ साथ कुछ ऐसा सार्थक श्रम किया जाना चाहिए जो न केवल आत्मिक संतोष का अनुभव प्रदान करें, बल्कि सामाजिक हित और वैश्विक शांति में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दें, और समाज को दिशा देने वाली कोई परिणति समाज के सम्मुख प्रकट हो। जिससे समाज के लोगों का जीवन परिष्कृत होश्र इसी संदर्भ में राजा राममोहन राय, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, सर सैयद अहमद खान,दयानंद सरस्वती, विवेकानंद ने हमेशा सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध अभियान चलाकर जीवन में श्रम तथा सार्थकता का महत्व बढ़ाकर सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया था।

यह स्पष्ट रूप से दिखाई देता है कि जीवन की असली खोज श्रम सार्थकता की उपलब्धि ना होती और तथाकथित सफलता के शिखर पर व्यक्ति बैठ जाता है और शांत हो जाता,तो सफलता के शिखर पर बैठे बिलगेट, वारेन बुफेट जैसे लोग अपनी अकूत संपत्ति का बड़ा भाग सामाजिक उद्देश्य के लिए दान नहीं करते। सुंदरलाल बहुगुणा चिपको आंदोलन चलाकर जल तथा पर्यावरण संरक्षण की बात नहीं करते। कैलाश सत्यार्थी बचपन बचाओ आंदोलन के माध्यम से बाल संरक्षण के अधिकारों का झंडा बुलंद नहीं कर पाते। थॉमस अल्वा एडिसन, आइंस्टीन,मैडम क्यूरी और राइट बंधुओं के श्रम और सार्थकता के प्रयास में ही सफलता का परचम फैलाया है। पर इन सब के पीछे उनकी असाध्य मेहनत और दिमागी सार्थकता ही मुख्य कारक बन कर उन्हें उत्प्रेरित करती रहे है।पर दूसरी तरफ यह भी सत्य है कि जीवन में सार्थकता की खोज सफलता के अभाव में संभव नहीं है। क्योंकि श्रम और सार्थकता का महत्व तभी तक है जब तक वह सफल ना हो, परंतु सफलता ही मनुष्य की अंतिम परिणति नहीं होनी चाहिए। अन्यथा जीवन में मानवीय मूल्यों का महत्व नगण्य में होने की संभावना बनी रहती है। अतः श्रम मेहनत और सार्थकता समेकित रूप से मिलकर एक बड़ी सफलता को जन्म देते हैं। श्रम तथा सार्थकता तभी प्राप्त होती है, जब सफलता का आधार प्राप्त हो जाए। पर मूलत सफल होना ही पर्याप्त नहीं है। और जीवन की असली खोज निरंतर श्रम तथा सार्थकता है। केवल सफलता आपको अस्थाई तथा तत्कालिक मानसिक शारीरिक सुख प्रदान कर सकती है। पर चिरस्थाई तथा आत्मिक संतोष के लिए उसमें श्रम तथा सार्थकता का समावेश होना अत्यंत आवश्यक होता है। अगर वह समाज के लिए एक आदर्श तथा उपयोगी मार्गदर्शक बन सकता है। इसलिए जीवन में केवल सफलता के पीछे ना जाकर श्रम, मेहनत और सार्थकता अत्यंत आवश्यक पहलू हैं।

## नजरिया

# सिर्फ हिन्दुओं की जातियों की चर्चा करने वाले कौन?

**आर.के. सिन्हा**

हर बार की तरह इस लोकसभा चुनाव में भी अपने को राजनीति का विद्वान बताने वाले ज्ञानियों ने किस संसदीय क्षेत्र में किसके हक में बयार बह रही है, इस विषय पर लिखना-बताना शुरू कर दिया है। वे अपना विश्लेषण रखते हुए बताते हैं कि वहां (उस संसदीय क्षेत्र में) इतने फीसद क्षत्रिय, ब्राह्मण, दलित, पिछड़े, अति पिछड़े, यादव वगैरह हैं। यहां तक तो सब ठीक है। पर जातियों का गणित बताने वाले मुसलमानों, सिखों, ईसाइयों की जातियों पर मौन ही रहते हैं। उन्हें जातियों के कोढ़ के बारे में सिर्फ हिन्दुओं की ही चर्चा करनी होती है। उन्हें लगता है कि मानों जातियां सिर्फ हिन्दू धर्म में ही हैं। जैसे कि बाकी धर्मावलंबी किसी जात-पात में यकीन नहीं करते। इससे एक बात बहुत साफ हो जानी चाहिए हमारे यह कथित विद्वान देश की जमीनी हकीकत से कितने नावाकिफ हैं। उन्हें यह मालूम ही नहीं है कि जाति भारत का सच है। कोई इंसान अपना धर्म बदल सकता है, पर जाति उसके साथ हमेशा रहती है। वह जाति से अपने को दूर नहीं कर पाता है। राममनोहर लोहिया यह बात बार-बार कहा करते थे।

अगर बात मुसलमानों की करें तो सब जानते हैं कि मुसलमान अशराफ, अजलाफ और अरजाल श्रेणियों में बंटे हैं। शेख, सैयद, मुगल और पठान अशराफ कहे जाते हैं। अशराफ का मतलब है, जो अफगान-अरब मूल के या हिन्दुओं की अगड़ी जातियों से धर्मांतरीत मुसलमान हैं। अजलाफ पेशेवर जातियों से धर्मांतरित मुसलमानों का वर्ग है। एक तीसरा वर्ग उन मुसलमानों का है, जिनके साथ शेष मुसलमान भी संबंध नहीं रखते। इन्हें ही पसमांदा मुसलमान कहते हैं। हालांकि इस्लाम में जाति का विचार तो नहीं है। इस्लाम जाति के कोढ को ललकारता भी है। इसके बावजूद सारा मुसलमान समाज जाति के दलदल में फंसा है। मुसलमानों में अलग-अलग जातियों के अपने कब्रिस्तान तक हैं। राजधानी में पंजाबी मुसलमानों के कब्रिस्तान में गैर-पंजाबी मुसलमानों का प्रवेश निषेध है। शिया और सुन्नियों के तो प्राय: अपने अलग-अलग कब्रिस्तान तो होते ही हैं। शियाओं की अपनी मस्जिदें भी होती हैं। वे अन्य मस्जिदों में नहीं जाते। अपने को मुसलमानों का रहनुमा कहने वाले मुसलमान नेता भी पसमांदा मुसलमानों के मसलों को उठाने की जहमत नहीं दिखाते। मशहूर शायर मोहम्मद इकबाल बरा-बार बताते थे कि उनके पुरखे हिन्दू पंडित थे।

खैर, अपने को बाबा साहब अंबेडकर का अनुयायी बताने वाले दलित नेताओं को शायद यह मालूम हो कि बाबा साहेब ने 25 नवंबर, 1949 को संविधान सभा को संबोधित करते हुए बहुत साफ शब्दों में कहा था, जाति तो राष्ट्र विरोधी है। ...पर, भारत में जातियों के असर को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। इनसे समाज बिखरता है। भारत के कई राज्यों में ईसाई बहुमत में हैं और उन राज्यों के मुख्यमंत्री भी ईसाई हैं। पर इसका यह कतई मतलब नहीं है कि वहां जातियां नहीं हैं। ईसाई धर्म अनेक संप्रदायों में बिखरा हुआ है। ईसाई कैथोलिक, सीरियन, ओर्थोडोक्स, प्रोटेस्टेंट्स और अनेक असंगठित समूहों में फैला है। भारत में ईसाइयों का पहला प्रभावकारी स्वरूप कैथोलिक देश पुर्तगाल से 1498 ई. में पुर्तगालियों के आने से हुआ और ब्रिटिश, मूलत: एंग्लीकन या प्रोटेस्टेंट, का प्रभाव ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन 1757 से हुआ। उपर्युक्त सभी समूह स्वतंत्र हैं, परंतु अधिकांश लोगों के द्वारा एक आस्था रखने वाले समूह के रूप में देखे जाते हैं। जब कभी भारतीय ईसाइयों की तरफ देखा जाए तो इन वास्तविकताओं को समझना चाहिए।

भारत में कैथोलिक तथा प्रोटेस्टेंट के बीच की दूरियों को कम करने की कोशिशें चलती रहती हैं। दक्षिण भारत इस बाबत आगे रहा। वहां पर कैथोलिक चर्च तथा प्रोटेस्टेंट चर्च ने प्राकृतिक आपदा के समय मिल-जुलकर काम किया। मसलन केरल में कुछ साल पहले आई बाढ़ और सुनामी के समय दोनों चर्च मिलकर पीड़ितों के पुनर्वास के लिये काम कर रहे थे। यह सुखद पहल है। कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट के बीच उस तरह की कतई कटुतापूर्ण स्थिति नहीं है जैसी हम मुसलमानों के सुन्नी और शिया संप्रदायों में देखते हैं। वहां पर तो कटुता ना होकर दुश्मनी है। उनमें आपस में हमेशा तलवारें खिंची रहती हैं। इस्लाम के नाम पर बने पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में शियाओं की लगातार हत्याएं हो रही हैं। उन्हें दोयम दर्जे का इंसान माना जाता है। अफगानिस्तान में तालिबानियों ने हजारों शिया मुसलमानों का कत्लेआम किया है। ईरान और सऊदी अरब में कुत्ते-बिल्ली वाला बैर का मुख्य कारण यही है कि ईरान शिया और सऊदी सुन्नी मुसलमानों का मुल्क है।

दरअसल कैथोलिक तथा प्रोटेस्टेंट में कुछ बिंदुओं पर मतभेद रहे हैं। कैथोलिक मदर मैरी की पूजा में भी विश्वास करते हैं। प्रोटेस्टेंट उन पर विश्वास नहीं करते हैं और उनके लिए मैरी केवल यीशु की भौतिक माँ है। हां,दोनों संप्रदायों के लिये ईसा मसीह तथा बाइबिल परम आदरणीय हैं। कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट के लिए पवित्र दिन क्रिसमस और ईस्टर ही हैं।

सिख धर्म में जाति का मुद्दा काफी जटिल है। गुरु गोबिंद सिंह ने 13 अप्रैल, 1699 को खालसा की स्थापना के साथ सभी जातिगत असमानता को समाप्त कर दिया था। आस्थावान सिख जातिगत भेदभाव नहीं करते हैं लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि सभी सिख आवश्यक रूप से अपनी आस्था के अनुसार कार्य करते हैं। नतीजतन, जाति सिख धर्म में मौजूद है, हालांकि शेष भारतीय समाज की तुलना में एक कमजोर रूप में। वैसे सिखों की कुछ प्रमुख जातियों में जाट, अरोड़ा, खत्री, रामगढ़िया, सैनी, छिम्बा आदि हैं। अब बड़ा सवाल वही है कि लोकसभा से लेकर ग्राम पंचायत के चुनावों में जातियों के महत्व पर बात करने वालों को सिर्फ हिन्दुओं की ही जाति क्यों दिखाई देती है। क्या उन्हें अन्य धर्मों में जाति के असर की जानकारी नहीं है या वे अपनी निगाहें सिर्फ हिन्दू धर्म से आगे लेकर ही नहीं जाना चाहते? इससे साफ है कि बहुत सारे स्वयंभू विद्वान अपने को प्रगतिशील साबित करने के लिए हिन्दू धर्म में फैली गड़बड़ियों पर लिखते-बोलते हैं। यह सब करके वे अपने को पूरी तरह से एक्सपोज कर लेते हैं। अगर कोई लेखक बेखौफ होकर ईमानदारी से नहीं लिखता है तो समझ लें कि वह सच्चा लेखक नहीं है। खैर, यह सुखद है कि हिन्दू धर्म में जाति के कोढ़ के खिलाफ अरसे से आवाजें उठती रही हैं। हिन्दू धर्म में जात-पात के खिलाफ बहस चलती रहती है। यही हिन्दू धर्म की शक्ति भी है।

(लेखक पूर्व सांसद हैं)

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

लालू की टिप्पणी पर मोदी ने कहा

# ‘इंडिया’ गुट वोट बैंक के लिए एससी, एसटी आरक्षण खत्म करना चाहता है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

धार (मध्य प्रदेश)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव पर मुसलमानों को आरक्षण लाभ की उनकी टिप्पणी को लेकर निशाना साधा और कहा कि ‘इंडी’ गठबंधन एक गहरी साजिश के तहत एससी, एसटी और ओबीसी के सभी कोटा छीनकर अपने वोट बैंक को देना चाहता है। यादव के इस बयान से कि वह मुसलमानों को आरक्षण का लाभ देने के पक्ष में हैं, राजनीतिक घमासान शुरू हो गया है। मध्य प्रदेश के धार में एक रैली में मोदी ने ‘इंडिया’ गठबंधन के घटक राजद के नेता लालू प्रसाद पर निशाना साधते हुए कहा , उनके नेता, जो जानवरों का चारा खा गए और भ्रष्टाचार के मामले में उच्चतम न्यायालय से भी दोषी ठहराए गए हैं और स्वास्थ्य कारणों से जमानत पर हैं, उन्हें कांग्रेस अपने सिर पर नचा रही है।

उन्होंने कहा, वह कह रहे हैं कि मुसलमानों को ही आरक्षण नहीं मिलना चाहिए बल्कि सारा आरक्षण मुसलमानों को मिलना चाहिए। मोदी ने कहा कि इसका मतलब है कि वे एससी, एसटी और ओबीसी से सारा आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आख़िर ये लोग ऐसा क्यों कर रहे हैं क्योंकि ये इसी वोट बैंक के सहारे अपनी बची हुई सांसें गिन रहे हैं क्योंकि बाकी सब कुछ ख़त्म हो चुका है और इनके पास कुछ भी नहीं बचा है, एक-एक करके सभी छोड़ कर भाग गए हैं।

उन्होंने कहा, मैं कह रहा था कि वे आरक्षण का कुछ हिस्सा काट देंगे और इसे धर्म के आधार पर देंगे लेकिन साजिश गहरी है। वे मतदान के दिन कह रहे हैं कि वे एससी, एसटी और ओबीसी का सारा आरक्षण मुस्लिम समुदाय को देना चाहते हैं। मोदी ने सवाल किया, क्या आप कांग्रेस और उसके सहयोगियों के इस खेल को स्वीकार करते हैं? ऐसे लोगों को अपनी जमानत खोनी चाहिए या नहीं? उन्होंने कहा कि आंबेडकर ने धर्म आधारित आरक्षण का विरोध किया था। उन्होंने कहा, क्या ऐसे लोगों को हमेशा के लिए राजनीति से दूर रखा जाना चाहिए या नहीं?

## एनटीआर जूनियर के फैंस ने हैदराबाद में चलाया रक्तदान अभियान

मुंबई/एजेन्सी। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर के फैंस ने उनके जन्मदिन से पहले हैदराबाद में रक्तदान अभियान चलाया है। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर वर्तमान में अपनी कार्य प्रतिबद्धताओं में व्यस्त हैं। हालांकि,उनके प्रशंसक 20 मई को उनके जन्मदिन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उनके फैंस ने हैदराबाद में एक विशेष रक्तदान अभियान का आयोजन किया। इसके बारे में विवरण साझा करते हुए, थैलेसीमिया और सिकल सेल सोसाइटी के मोहम्मद जली ने कहा, हैदराबाद के एनटीआर जूनियर फैंस ने एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। चिलचिलाती गर्मी के कारण, हमने 100 - 150 यूनिट का अनुमान लगाया था।

रोड शो



मंडी संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत मंगलवार को छतरी में रोड शो में भाग लेती हुई।

## लोगों को देश में प्रवेश देने के मामले में ‘ढिलाई’ नहीं बरतता कनाडा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

ओटावा। कनाडा के आव्रजन मंत्री मार्क मिलर ने विदेश मंत्री एस जयशंकर की उस टिप्पणी को खारिज किया कि ओटावा लोगों को देश में प्रवेश देने के मामले में ढिलाई बरतता है। मिलर ने कहा कि छात्र वीजा पर कनाडा में प्रवेश करने वाले लोगों की आपराधिक रिकॉर्ड की अधिकारी जांच करते हैं। विदेश मंत्री जयशंकर ने शनिवार को कहा था, हमने उनसे (कनाडाई प्राधिकारियों) कई बार कहा कि वे ऐसे लोगों को वीजा, मान्यता या राजनीतिक क्षेत्र में जगह न दें जो उनके (कनाडा के) लिए, हमारे लिए और हमारे संबंधों में समस्या पैदा कर रहे हैं। लेकिन कनाडा सरकार ने कुछ नहीं किया। जयशंकर ने कहा था कि भारत ने 25 लोगों के प्रत्यर्पण की मांग की थी जिनमें से अधिकांश खालिस्तान समर्थक हैं लेकिन उन्होंने इस पर गौर नहीं किया।

उनकी यह टिप्पणी कनाडा के प्राधिकारियों द्वारा तीन भारतीय नागरिकों पर खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप लगाए जाने के बाद आयी है। बताया गया है कि वे छात्र वीजा पर कनाडा में दाखिल हुए थे। कनाडाई नागरिक निज्जर की 18 जून, 2023 को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। एडमॉन्टन में रहने वाले सभी भारतीय नागरिकों, करण बराड़ (22), कमलप्रीत सिंह (22) और करणप्रीत सिंह (28) पर शुक्रवार को हत्या और हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया गया था।

कनाडा के विशेष टेलीविजन चैनल ‘केबल पब्लिक अफेयर्स चैनल’ की खबर के अनुसार, जयशंकर की टिप्पणी के बारे में सोमवार को एक सवाल का जवाब देते हुए मिलर ने कहा, हम ढिलाई नहीं बरत रहे हैं और भारतीय विदेश मंत्री अपनी राय रखने के हकदार हैं। यह पूछे जाने पर कि कनाडाई सरकार ने इस बारे में क्या करने की योजना बनाई है तो उन्होंने कहा, इस बारे में कि भारतीय विदेश मंत्री ने क्या कहा है? उन्हें अपने मन की बात कहने दीजिए। यह सही नहीं है। उन्होंने कहा कि कनाडा छात्र वीजा पर देश में प्रवेश करने वाले लोगों के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच करता है। यह पूछे जाने पर कि यह कैसे काम करता है, तो उन्होंने कहा, इसकी जांच करते हैं कि क्या उनका कोई आपराधिक रिकॉर्ड है; होता है तो वे नहीं आते हैं। मिलर ने कहा कि कनाडा इस तरह की किसी भी रिपोर्ट को बहुत गंभीरता से लेता है। उन्होंने इस बात की पुष्टि करने से इनकार कर दिया कि क्या निज्जर की हत्या के लिए गिरफ्तार किए गए तीन भारतीय छात्र वीजा पर कनाडा में थे। उन्होंने कहा कि ऐसी कुछ जानकारी है जिसे वह पुलिस की जांच जारी रहने के चलते इस समय साझा नहीं कर सकते। कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने पिछले साल सितंबर में भारतीय एजेंटों पर निज्जर की हत्या में संभावित रूप से शामिल होने का आरोप लगाया था जिसके बाद भारत और कनाडा के संबंधों में तनाव आ गया था। भारत ने ट्रूडो के आरोपों को बेतुका और प्रेरित बताकर खारिज कर दिया था। भारत ने निज्जर को आतंकवादी घोषित किया था। हत्या के सिलसिले में तीन भारतीय नागरिकों की गिरफ्तारी के बाद कनाडा में पुलिस ने अतिरिक्त विवरण दिए बिना कहा कि उन्होंने अमेरिकी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर काम किया है। पुलिस ने इसके संकेत दिये कि और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।



सम्मानित

नई दिल्ली में रक्षा सचिव, गिरिधर अरामने मंगलवार को 65वें बीआरओ स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान वर्ष 20263-24 के लिए बीआरओ कर्मियों को उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान करते हुए और महिला उपलब्धि हासिल करने वालों और आकस्मिक वेतन पाने वाले श्रमिकों को सम्मानित करते हुए।

## संविधान बदलकर मुसलमानों को आरक्षण देगा ‘इंडिया’ गठबंधन : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मुसलमानों को आरक्षण देने की वकालत करने के लिए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव पर हमला बोला और कहा कि उनका बयान उसके इस दावे को बल देता है कि ‘इंडिया’ गठबंधन अनुसूचित जाति(एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का कोटा छीनकर उसे अल्पसंख्यक समुदाय को देना चाहता है। अपनी टिप्पणी से विवाद पैदा होने के बाद यादव ने स्पष्ट किया कि धर्म नहीं बल्कि सामाजिक पिछड़ापन आरक्षण का मानदंड है। उन्होंने कहा कि मंडल आयोग की सिफारिशों के अनुरूप हिंदुओं के अलावा अन्य धर्मों की सैकड़ों जातियों को आरक्षण का लाभ मिल रहा है। प्रसाद की टिप्पणी का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनावी जनसभाओं में पूर्व रेल मंत्री और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री की कड़ी आलोचना की थी।

प्रधानमंत्री पर पलटवार करते हुए लालू प्रसाद ने आरोप लगाया कि भाजपा एक समुदाय को दूसरे समुदाय के खिलाफ खड़ा करने में विश्वास करती है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि यादव ने मुसलमानों के लिए आरक्षण की वकालत की है। उन्होंने कहा, लालू प्रसाद यादव ने कहा कि मुसलमानों को पूर्ण आरक्षण दिया जाना चाहिए। उनके द्वारा अपने वक्तव्य में प्रयुक्त यह शब्द ‘पूरा का पूरा’ (पूर्ण) बहुत गंभीर है। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि वे (इंडिया गठबंधन) मुसलमानों को एससी, एसटी और ओबीसी के हिस्से से आरक्षण देना चाहते हैं।

उन्होंने दावा किया कि एससी, एसटी और ओबीसी के हिस्से से मुसलमानों को आरक्षण देने के लिए संविधान को बदलने की ‘इंडिया’ गठबंधन की योजना के बारे में प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा द्वारा जताया जा रहा संदेह यादव के बयान से सही साबित होता है। भाजपा के राज्यसभा सदस्य ने कहा कि इससे पता चलता है कि विपक्ष संविधान की मौलिक भावना में संशोधन करना चाहता है जबकि बी आर आंबेडकर ने धर्म के आधार पर आरक्षण का स्पष्ट रूप से विरोध किया है। त्रिवेदी ने कहा, इससे एक बात और स्पष्ट होती है कि राजद के लिए मुस्लिम पहले और यादव बाद में हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित ‘इंडिया’ गठबंधन के कई अन्य नेता सत्ता में आने पर मुसलमानों को आरक्षण देने की बात कर रहे हैं।

## फिल्म ‘जॉली एलएलबी 3’ में हुमा कुरैशी की एंट्री!

मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी, अक्षय कुमार और अरशद वारसी की आने वाली फिल्म जॉली एलएलबी 3 में काम करती नजर आ सकती हैं। अक्षय कुमार और अरशद वारसी की आने वाली फिल्म ‘जॉली एलएलबी 3’ की शूटिंग शुरू हो गई है। हाल ही में अक्षय और अरशद वारसी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर कर इस बात की जानकारी दी थी। चर्चा है कि अब इस फिल्म में हुमा कुरेशी की भी एंट्री हो गई है। कहा जा रहा है कि हुमा कुरैशी राजस्थान के अजमेर गई हैं और वह वहां पर जॉली एलएलबी 3 की कास्ट को ज्वाइन करेंगी। अक्षय और अरशद पहले से ही यहां इस फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। कुछ दिनों पहले फिल्म जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग शुरू होने की जानकारी देते हुए अक्षय ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया था। इसके साथ ही उन्होंने लिखा था, अब ओरिजिनल कौन और डुप्लिकेट कौन, ये तो पता नहीं. पर ये पक्का है कि ये जॉली गुड राइड होने वाली है। हमारे साथ बने रहें. जय महाकाल। उल्लेखनीय है कि जॉली एलएलबी वर्ष 2013 में प्रदर्शित हुयी थी। इस फिल्म में अरशद वारसी ने मुख्य किरदार निभाया था।

## ‘माइंड ब्लोइंग’ में काम करेंगी प्रीति जिंटा

मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा का कहना है कि माइंड ब्लोइंग स्क्रिप्ट मिलने पर ही वह शाहरूख खान के साथ काम करेंगी। प्रीति जिंटा ने शाहरूख खान के साथ दिल से, ‘कभी अलविदा ना कहना’, ‘कल हो ना हो’ और ‘वीर जारा’ जैसी फिल्मों में काम किया है,लेकिन, दोनों को ऑडियंस का सबसे ज्यादा प्यार ‘वीर जारा’ में मिला। प्रीति जिंटा इन दिनों आमिर खान के प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही सनी देओल स्टारर फिल्म ‘लाहौर 1947’ में काम कर रही हैं। इसी बीच प्रीति जिंटा ने एक्स (पहले ट्विटर) पर उन्होंने अपने फैन्स के के सवालों के जवाब दिये। एक फैन ने उनसे पूछा, मैम आप और शाहरुख कब साथ में फिल्म करेंगे। इस सवाल का जवाब देते हुए प्रीति ने लिखा, जब भी ऐसी कोई माइंड ब्लोइंग स्क्रिप्ट मिलेगी, जिसे सिर्फ हम दोनों कर सकते हैं तब करेंगे. तब तक इंताजर कीजिये। एक दूसरे फैंन को जवाब देते हुए प्रीति ने शाहरुख की तारीफ में कहा,शाहरूख टैलेंट के पावरहाउस हैं,और एक बेहद ही शानदार और ऐसे एक्टर हैं, जिनके साथ काम करने में मजा आता है।वह काफी एंटरटेनिंग हैं और फिल्म ‘दिल से’ के दौरान उनसे बहुत कुछ सीखा है। एक फैंन ने कहा, आपको सलमान भाई के साथ दोबारा देखना चाहता हूं, पॉसिबल है? जवाब में प्रीति जिंटा ने लिखा, यदि कोई अच्छी स्क्रिप्ट हो तो कुछ भी पॉसिबल है। उन्होंने कहा कि ‘चोरी चोरी चुपके चुपके’ सलमान के साथ उनकी फेवरेट फिल्म है।



चुनाव प्रचार रैली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार को झारखंड के गुमला जिले के बसिया में लोकसभा चुनाव के लिए लोहरदगा से कांग्रेस उम्मीदवार सुखदेव भगत और खूंटी से कांग्रेस उम्मीदवार काली चरण मुंडा के पक्ष में एक चुनाव प्रचार रैली के दौरान आदिवासियों के साथ थे।

## मैं डेली लाइफ में मेकअप-फ्री रहना पसंद करती हूं : प्रियंका चाहर चौधरी

मुंबई/एजेन्सी

एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी ने बताया कि वह केवल काम के वक्त ही मेकअप लगाती हैं, वरना वह अपने डेली लाइफ में पूरी तरह नेचुरल रहना पसंद करती हैं। प्रियंका ने आईएएनएस से बात करते हुए बताया, ''मैं हमेशा मेकअप में नहीं रहती। मैं मेकअप केवल तभी लगाती हूं जब मैं काम कर रही होती हूं।'' एक्ट्रेस, जिन्होंने शो 'उड़ारियां' से तेजो सिंह विर्क के रूप में सुर्खियां बटोरीं, ने खुलासा किया कि चाहे वह एयरपोर्ट हो या मॉल या मार्केट में, वह मेकअप-फ्री रहना पसंद करती हैं। उनके पास एक ब्यूटी हैक है। उन्होंने आगे कहा, ''मैं बस एक काम करती हूं, मैं थोड़ी सी लिपस्टिक लगाती हूं। उस लिपस्टिक को मैं अपने गाल, माथे और पलकों पर भी लगा लेती हूं, यह ब्लश जैसा दिखता है। पूरा मेकअप ऐसे ही किया जाता है।'' अपनी ड्रेस चॉइस के बारे में बात करते हुए, प्रियंका ने कहा, ''आम तौर पर, मैं वेस्टर्न कपड़े पहनती हूं, जो मेरे लिए बहुत आरामदायक होते



हैं। मुझे कुर्तियां भी बेहद पसंद हैं, वह भी बहुत आरामदायक हैं। आरामदायक कपड़े मेरा फैशन स्टेटमेंट हैं।'

### राहत फतेह अली खान के साथ काम करना मेरा सपना रहा है

एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी ने कहा कि आखिरकार उन्हें म्यूजिक वीडियो 'दोस्त बनके' में पाकिस्तानी सिंगर राहत फतेह अली खान के साथ काम करने का मौका मिला। उन्होंने खुद को भाग्यशाली बताया और कहा कि वह हमेशा से उनके साथ काम करना चाहती थीं। पाकिस्तानी सिंगर के साथ काम करने के बारे में बात करते हुए, प्रियंका ने आईएएनएस से कहा, मैं राहत फतेह अली साहब का म्यूजिक बहुत सुनती हूं। मैं सचमुच उन्हें बहुत पसंद करती हूं। उनकी आवाज में जादू है और मैं हमेशा उनके साथ काम करने की चाह रखती थी और सौभाग्य से ऐसा हो रहा है।'' एक्ट्रेस ने कहा, ''उस चीज की कल्पना करें जिसके बारे में आपने सोचा है और वह सच में हो रहा है, तो आप बहुत उत्साहित और खुश होंगे।'' प्रियंका शो 'उड़ारियां' से तेजो सिंह विर्क के किरदार से मशहूर हुईं। 2016 में उन्हें सलमान खान द्वारा होस्ट किए जाने वाले रियलिटी शो 'बिग बॉस' में देखा गया था। यह पूछे जाने पर कि क्या वह अपनी लगातार बढ़ती लोकप्रियता के लिए टीवी को श्रेय देती हैं, प्रियंका ने कहा, निश्चित रूप से, मैं आज जहां हूं.. टीवी और रियलिटी शो की वजह से हूं।'




## ‘सिंघम अगेन’ में मेरी और दीपिका की भूमिका बेहद सशक्त : करीना

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर का कहना है कि फिल्म 'सिंघम अगेन' में उनकी और दीपिका पादुकोण की भूमिका बेहद सशक्त है।

बॉलीवुड फिल्मकार रोहित शेट्टी सिंघम सीरीज की अगली फिल्म सिंघम अगेन लेकर आ रहे हैं, जिसमें अजय देवगन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में अक्षय कुमार और रणवीर सिंह भी कैमियो रोल में होंगें। इनके अलावा टाइगर श्राफ,करीना कपूर और दीपिका पादुकोण भी फिल्म का हिस्सा हैं। करीना कपूर ने बताया, सिंघम अगेन पुरुषवादी फिल्म है। उसमें फैंस को कुछ सशक्त महिला भूमिकाएं भी देखने को मिलेंगी। फिल्म में मेरी और दीपिका दोनों की भूमिकाएं बहुत ही सशक्त हैं, लेकिन यह तो स्वाभाविक है कि यह महिला प्रधान फिल्मों से अलग होगी। सिंघम अगेन इस साल ऑडियंस के लिए बड़ा गिफ्ट है और उन्हें यकीन है कि इस फिल्म को लोग एन्जॉय करेंगे।



## फिल्म ‘भाभीजी घर पे हैं’ का ट्रेलर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

वर्ल्ड वाइड प्रोडक्शंस प्रस्तुत निर्माता प्रदीप सिंह, विनय सिंह, मोनिका सिंह और प्रतीक सिंह की फिल्म भाभीजी घर पे हैं का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म भाभीजी घर पे हैं का ट्रेलर इंटर10 रंगीला के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। इस फिल्म का निर्देशन अजय कुमार झा ने किया है। निर्माता प्रदीप सिंह ने कहा कि फिल्म बेहद दमदार बनी है। इसकी झलक ट्रेलर में साफ़ दिखाई दे रही है। पूरी तरह से कमर्सियल होते हुए भी फिल्म की कलात्मक प्रस्तुति और नरेशन इतना जानदार है कि दर्शक जब फिल्म देखेंगे, तो महसूस कर पायंगे कि भोजपुरी सिनेमा कितनी समृद्ध हो गयी है। फिल्म भाभीजी घर पे है में रिंकू घोष, गौरव झा, संचिता बनर्जी, रक्षा गुप्ता, देव सिंह, राकेश बाबू, श्वेता वर्मा, रिंकू भारती, के.के. गोस्वामी मुख्य भूमिका में हैं। अतिथि भूमिका में सोनिया मिश्रा, पारुल प्रिया, संजू सोलंकी, अंशू तिवारी, विद्या सिंह, सुजीत सार्थक, अशोक गुप्ता, रिंकू यादव, अरबिंद तिवारी, अभय सिंह हैं। फिल्म की कहानी अरबिन्द तिवारी ने लिखी है। संगीतकार ओम झा,गीतकार अरबिन्द तिवारी हैं।छायांकन मनोज कुमार सिंह ने किया है। संकलन धरम सोनी, नृत्य कानू मुखर्जी और कला रणधीर एन दास का है। वेशभूषा विद्या-विष्णु की है। लाइन प्रोड्यूसर आनंद श्रीवास्तव और कार्यकारी निर्माता कमल यादव हैं।

www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

मंगलवार को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में देशभर की 93 सीटों पर मतदान हुआ। इस दौरान मध्य प्रदेश के बैतूल - हरदा - हरसूद संसदीय क्षेत्र में लोकतंत्र को मजबूत करने और मताधिकार को लेकर एक बड़ा संदेश देने वाला श्य सामने आया है।





# जीवन को हमेशा मधुर व सुभाषित बनाएं : आचार्य प्रसन्नसागर

## दिगम्बर संत ने किया कर्नाटक जैन भवन में मंगल प्रवेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। दिगम्बर आचार्यश्री प्रसन्नसागरजी महाराज का मंगलवार को कर्नाटक जैन भवन में मंगल प्रवेश हुआ। आचार्यश्री के प्रवेश के अवसर पर दिगंबर जैन समाज के विभिन्न संघ-संस्थाओं के पदाधिकारियों ने आचार्य संघ की भव्य मंगल अगवानी की। त्यागी सेवा समिति के अध्यक्ष अनीता सुरेन्द्रकुमार, दिगम्बर खण्डेलवाल ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष अनिल सेठी परिवार ने आचार्य श्री के पाद प्रक्षालन किए तथा संतों का स्वागत किया। इस मौके पर उपस्थित बढ़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने संतों के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर आयोजित धर्मसभा में आचार्यश्री प्रसन्नसागरजी ने कहा कि संसार में सबसे सुंदर हमारी आत्मा है। पुण्य की हमेशा जय होती है । जीवन के तीन पृष्ठ होते हैं, जन्म, बीच का जीवन और मृत्यु ।

बीच के जीवन को हम स्वयं बनाते हैं। यह हमारे कर्मों पर निर्भर करता है कि जन्म व मृत्यु के बीच के जीवन काल को हम सुन्दर उद्यान बनाते है या सूखा रेगिस्तान। बीच का समय ही हमारे हाथों में है। हमें ऐसे कर्म करना चाहिए कि हमारा जीवन हमारे लिए भी और आने वाले समय के लिए यादगार बन जाएं। याद उन्हें ही किया जाता है जो अच्छे कर्म करते हैं और मृत्यु को बाद जिन्हें याद किया जाता है वे महापुरुष हो जाते हैं। आयोजकों ने बताया कि आचार्यश्री की निश्रा में 14 से 18 मई तक संभवनाथ जैन भवन में अद्भुत शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आचार्यश्री अपनी 35 वर्षों की साधना का सार देंगे । शाम को चतुर्दशी का पाक्षिक प्रतिक्रमण चतुर्विध संघ द्वारा किया गया ।



# 11 वें की रस्म के बाद लोकतंत्र का धर्म भी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हरसूद। मंगलवार को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में देशभर की 93 सीटों पर मतदान हुआ। इस दौरान मध्य प्रदेश के बैतूल - हरदा - हरसूद संसदीय क्षेत्र में लोकतंत्र को मजबूत करने और मताधिकार को लेकर एक बड़ा संदेश देने वाला दृश्य सामने आया है। बैतूल लोकसभा के हरसूद विस क्षेत्र के छनेरा में मतदान केंद्र क्रमांक 57 पर खेंची गई इस फोटो में वार्ड क्रमांक 1 निवासी बस संचालक सुरेंद्र कुमार खंडेलवाल के छोटे पुत्र योगेंद्र कुमार (44) का 27 अप्रैल को हृदय गति रुकने से निधन हो गया था।उनका 11 वें का कर्म भी मंगलवार को ही हुआ। ऐसे में परिवार में उनके छोटे भाइयों और परिजनों ने पहले 11 वें का कर्म संपन्न किया। इसके बाद सभी भाई एक साथ मतदान करने पहुंचे। इस तरह खंडेलवाल परिवार में अपूर्णीय क्षति के बाद भी हिंदू रीति रिवाज के अनुसार कर्म और लोकतंत्र का धर्म पूरी जिम्मेदारी से निभाया गया।




# अग्निवीर योजना को खत्म करेंगे व जीएसटी में संशोधन करेंगे : राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

गुमला/चाईबासा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' की सरकार बनने पर अग्निवीर योजना को समाप्त कर दिया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि इस योजना की शुरुआत सेना ने नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की है। राहुल गांधी ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में संशोधन करने और आदिवासियों के लिए अलग सरना धार्मिक संहिता लाने का भी वादा किया। झारखंड के गुमला में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' अग्निवीर योजना को खत्म करेगा, क्योंकि इस योजना को मोदी लेकर आए हैं, न कि सेना लाई है। हम शहीदों में कोई भेदभाव नहीं करना चाहते। देश के लिए बलिदान देने वाले हर व्यक्ति को शहीद का दर्जा दिया जाना चाहिए, उसे पेंशन दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार ने पांच कर स्लैब वाली गलत जीएसटी योजनाएं लागू कीं। हम इसमें संशोधन करेंगे और एक कर स्लैब बनाएंगे, जो न्यूनतम होगी। हम गरीबों पर कर का बोझ कम करेंगे। गांधी ने भाजपा नीत केंद्र पर आदिवासियों को धोखा देने का आरोप लगाया।

उन्होंने मोदी पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान करने का भी आरोप लगाया। कांग्रेस नेता ने कहा, प्रधानमंत्री ने नए संसद भवन के उद्घाटन और अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में राष्ट्रपति मुर्मू को आमंत्रित नहीं कर उनका अपमान किया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, रेलवे आदि को उद्योगपतियों को सौंपने पर तुली हुई है। गांधी ने कहा, मैं आपका सिपाही हूं जो जल, जंगल, ज़मीन पर आपके अधिकारों की रक्षा के लिए दिल्ली में तैनात है। संसाधनों और शासन पर पहला अधिकार आदिवासियों का है, लेकिन भाजपा सरकार वनवासी के नाम पर आपके अस्तित्व और अधिकारों को खत्म करना चाहती है। उन्होंने कहा, वे संविधान और आरक्षण पर हमला कर रहे हैं और वे इन्हें खत्म करना चाहते हैं जबकि 'इंडिया' गठबंधन संविधान को बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। कांग्रेस नेता ने कहा, भाजपा आपकी पहचान, संस्कृति, इतिहास को कुचलना चाहती है। भाजपा केवल अडाणी, अंबानी के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने आरोप लगाया, नरेन्द्र मोदी सरकार ने 22 उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये माफ करके 24 साल का मनरेगा का पैसा उद्योगपतियों को सौंप दिया। गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा नफरत फैलाने में लिप्त है जबकि 'इंडिया' गठजोड़ सद्भाव कायम करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, ये नफरत फैलाते हैं...हम नफरत के बाज़ार में मुहब्बत की दुकान खोलेंगे। गांधी ने लोगों से 'इंडिया' गठबंधन के उम्मीदवारों - लोहरदगा से सुखदेव भगत और खूंटी से कालीचरण मुंडा - को वोट देने की अपील की।

इससे पहले चाईबासा की रैली में कांग्रेस नेता ने मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन को उद्योगपतियों के हवाले करना चाहते हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, प्रधानमंत्री आदिवासियों के 'जल, जंगल, जमीन' को 14-15 उद्योगपतियों के हवाले करना चाहते हैं...उन्होंने अपने 10 साल के कार्यकाल में 22 लोगों को अरबपति बनाया...सत्ता में आने पर हम करोड़ों लखपति बनाएंगे और गरीब महिलाओं को सालाना एक लाख रुपये देंगे। उन्होंने कहा, भाजपा आदिवासियों को घरेलू सहायकों जैसी भूमिकाओं तक सीमित रखना चाहती है। वे कभी नहीं चाहते कि आप डॉक्टर, इंजीनियर और वकील बनें। वे जंगलों को उद्योगपतियों को सौंपना चाहते हैं... देश को 90 आईएएस अधिकारी चला रहे हैं और उनमें से केवल एक आदिवासी हैं जिन्हें दिल्ली में किनारे कर दिया गया है। देश में आदिवासियों की आबादी करीब आठ फीसदी है।

# भारत को 'मित्र, तटस्थ' के साथ-साथ मजबूत इरादों वाले राष्ट्र के रूप में देखा जाता है : जयशंकर

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत को आज दुनिया भर में न केवल मित्र और तटस्थ के रूप में, बल्कि दृढ़ और मजबूत इरादों वाले राष्ट्र के रूप में भी देखा जाता है जो संकट की स्थितियों में अपने लोगों का ख्याल रखता है और उनकी रक्षा करता है। जयशंकर ने दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के हंसराज कॉलेज में एक कार्यक्रम में विकसित भारत 2047-युवाओं की आवाज विषय पर बोलते हुए यह टिप्पणी की। वह यूक्रेन जैसे युद्धग्रस्त देशों से अपने नागरिकों को वापस लाने के लिए भारत द्वारा चलाए गए बचाव अभियान का जिक्र कर रहे थे।

जयशंकर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत केवल लोगों को प्रेरित करने वाला नारा नहीं है, बल्कि यह पिछले 10 वर्षों में बनाई गई नींव है, जिस पर भारत के अगले 25 वर्षों का भविष्य निर्मित होगा। उन्होंने कहा, अमृत काल के अगले 25 साल आपका भविष्य हैं। यह विकसित भारत की ओर यात्रा है और आप ही इस यात्रा को संभव बनाएंगे।

विदेश मंत्री ने कहा कि वह इन 25 वर्षों को अवसर और नयी चुनौती की अवधि के रूप में देखते हैं। जयशंकर ने अर्थव्यवस्था और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में हुए विकास और वैश्विक मंच पर भारत के बढ़ते कद के बारे में कहा, यह बदलाव उस तरह का है जैसा हमने पहले कभी नहीं देखा। जयशंकर ने देश के चंद्र मिशन का जिक्र करते हुए कहा कि भारत विश्व स्तर पर प्रौद्योगिकी नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरा है और दुनिया पर इसकी पहली छाप चंद्रयान-3 की सफलता के साथ पड़ी, जिसपर एक फिल्म बनाने की लागत से भी कम खर्च आया।

## प्रस्तुति प्रोत्साहन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




बेंगलूरु के एवी वीनूता संगीत एवं नृत्य अकाडमी द्वारा मागड़ी रोड स्थित यक्षित रॉयल अकाडमी ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें 50 से भी अधिक बच्चों ने नृत्य की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

# मतदाता तय करेंगे कि क्या पाकिस्तान को खुश करने वाले नेता को जीतना चाहिए : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को कहा कि इस लोकसभा चुनाव में मतदाता तय करेंगे कि पाकिस्तान को खुश करने वाले नेता को विजयी होना चाहिए या भारत को मजबूत बनाने वाले नेता को सत्ता में आना चाहिए। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े का बयान ऐसे समय आया है जब लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 93 लोकसभा सीटों पर मतदान जारी है। तावड़े ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, फारूक अब्दुल्ला, लालू प्रसाद और अन्य की ओर से आ रहे बयानों के मद्देनजर, देश के लोग स्वाभाविक रूप से वोट डालते समय सोचेंगे कि पाकिस्तान को खुश करने वाले नेता को जीतना चाहिए या भारत को मजबूत बनाने वाले नेता को जीतना चाहिए।

इससे पहले राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष प्रसाद ने कहा कि वह मुसलमानों को आरक्षण का लाभ देने के पक्ष में हैं। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि भाजपा संविधान को निरस्त कर आरक्षण को खत्म करना चाहती है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में लालू प्रसाद ने कहा, भाजपा संविधान में आरक्षण के प्रावधान के खिलाफ है। इसलिए वह दोनों को खत्म करना चाहती है। भाजपा के इस आरोप पर कि अगर कांग्रेस, राजद और उसके सहयोगी दल सत्ता में आए तो अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए नौकरियों और शिक्षा का कोटा चुराकर मुसलमानों को दे देंगे, प्रसाद ने कहा, लेकिन क्या मुसलमानों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए?

नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष अब्दुल्ला ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच मुद्दों को सुलझाने का एकमात्र तरीका वार्ता है क्योंकि किसी भी टकराव से जम्मू एवं कश्मीर के लोगों पर गंभीर परिणाम होंगे। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को वापस लेने को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हालिया बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए रविवार को कहा था कि उन्हें कोई रोकने नहीं जा रहा है।

उन्होंने कहा था, रक्षा मंत्री को यह करने दीजिए। उन्हें कौन रोकने जा रहा है? किसी भी मामले में, वे हमसे नहीं पूछेंगे। लेकिन उन्हें यह याद रखना चाहिए कि उन्होंने (पाकिस्तान) चूड़ियां नहीं पहनी हैं, उनके पास परमाणु बम भी है। दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि परमाणु बम हम पर गिरेगा। पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में सिंह ने कहा था कि भारत पीओके पर अपना दावा कभी नहीं छोड़ेगा, लेकिन बलपूर्वक उस पर कब्जा भी नहीं करना होगा क्योंकि क्षेत्र के लोग कश्मीर में विकास देखकर खुद देश का हिस्सा बनना चाहेंगे। अब्दुल्ला ने पाकिस्तान के साथ वार्ता न करने और चीन के साथ बातचीत करने की केंद्र की नीति पर भी सवाल उठाए थे।



# राष्ट्रपति मुर्मू ने हिमाचल में तारा देवी, संकट मोचन मंदिर के दर्शन किए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

शिमला। हिमाचल प्रदेश की पांच दिवसीय यात्रा पर आईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को प्रसिद्ध तारा देवी मंदिर और संकट मोचन मंदिर में दर्शन किए। मुर्मू अपने परिवार के सदस्यों और राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला के साथ, यहां से लगभग 17 किलोमीटर दूर काफी ऊंचाई पर स्थित तारा देवी मंदिर के दर्शन करने गईं।

वह मंदिर में लंगर (भंडारे) में खाना खाने वाली देश की पहली राष्ट्रपति भी बनीं। मंदिर समिति ने उन्हें मंदिर का स्मृति चिन्ह भेंट किया।इससे पहले, उन्होंने संकट मोचन मंदिर के दर्शन किए और इसके इतिहास में गहरी रुचि ली। राज्यपाल ने उन्हें 'राम दरबार' की मूर्ति भेंट की। उन्हें मंदिर के इतिहास के बारे में भी जानकारी दी गई। इन मंदिरों में मंगलवार और रविवार को बड़ी संख्या में लोग आते हैं, लेकिन आज प्रवेश प्रतिबंधित होने के कारण भीड़ नहीं थी।




# पूर्व कांग्रेस प्रवक्ता राधिका खेड़ा और अभिनेता शेखर समुन ने थामा भाजपा का दामन

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव के बीच मंगलवार को कांग्रेस की पूर्व नेता राधिका खेड़ा और अभिनेता शेखर सुमन यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। कांग्रेस के मीडिया विभाग की पूर्व राष्ट्रीय समन्वयक खेड़ा ने पार्टी के छत्तीसगढ़ कार्यालय में एक अन्य नेता के साथ अपनी कहासुनी के कुछ दिनों बाद रविवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे को भेजे इस्तीफे में खेड़ा ने कहा कि वह अयोध्या में राम मंदिर की अपनी यात्रा को लेकर पार्टी में विरोध का सामना कर रही हैं।

खेड़ा और सुमन दोनों ने यहां पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े और मीडिया विभाग के प्रभारी अनिल बलूनी सहित वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए।



**जांच**

गुजरात में आम चुनाव-2024 के तीसरे चरण के दौरान गांधीनगर के भटगाम प्राथमिक स्कूल में मंगलवार को एक मतदान केंद्र पर मतदाताओं के नाम और दस्तावेजों की जांच करते मतदान अधिकारी।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com